दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 02 जयपुर, सोमवार, 11 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी , विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### प्रदेश में CM को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार

# जब आएंगे 'राज'... सजेगा तभी किसी के सिर 'ताज'

**राजनाथ सिंह के आने के बाद होगी तस्वीर साफ**

**विधायक दल की बैठक मंगलवार शाम तक संभावित**

**जयपुर पहुंची राजे का विधायकों से मिलना जारी**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मुख्यमंत्री चयन को लेकर इंतजार लंबा होता जा रहा है। पर्यवेक्षकों के नहीं आने से सोमवार को होने वाली बैठक भी टलने के आसार हैं। प्रदेश में बनाए गए पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह के आने के बाद ही किसी की ताजपोशी होगी। इसकी वजह राष्ट्रपति का लखनऊ दौरा माना जा रहा है। प्रदेश में पर्यवेक्षक बनाए गए राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं। ऐसे में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान उनकी मौजूदगी भी प्रस्तावित है। दूसरी ओर रविवार को भाजपा आलाकमान ने प्रदेश में सीएम चयन को लेकर कोई भी संकेत नहीं दिया। हालांकि यह बताया जा रहा है कि

हाईकमान ने प्रदेश के सीएम चयन को लेकर स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। पर्यवेक्षकों के मंगलवार को जयपुर पहुंचने के साथ ही नए सीएम को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी। मंगलवार शाम तक विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। उधर, केंद्रीय मंत्री और राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ने पहले ही कह चुके हैं कि राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सहित हर विधायक उनसे सीधे संपर्क में हैं। यह झूठ है कि राजस्थान बीजेपी इकाई में मतभेद है। अगला कदम भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा। उधर, रविवार पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जयपुर पहुंची जहां उनका विधायकों से मिलना लगातार जारी है।



### राजे से मिले कई विधायक

वसुंधरा राजे रविवार सुबह दिल्ली से जयपुर पहुंचीं। दोपहर में राजे से यहां 13 सिविल लाइंस आवास पर भाजपा विधायक मिलने पहुंचे। विधायक दल की बैठक से पहले वसुंधरा से विधायकों के मिलने को अहम माना जा रहा है। डेगाना विधायक अजय सिंह किलक, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग, कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, निंबाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी, बगरु विधायक कैलाश वर्मा, गुडामालानी विधायक के के विश्नोई, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, नदबई विधायक जगत सिंह व भादरा विधायक संजीव बेनीवाल ने वसुंधरा राजे से मुलाकात की। दूसरी ओर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने एक्स अकाउंट पर अपने पिछले कार्यकाल में लागू की गई योजनाओं के बारे में बताया।

### जयपुर में डटे हैं जोशी, हाईकमान ले रहा पल-पल की अपडेट

प्रदेश में सीएम का चयन नहीं हुआ है। इसी बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी जयपुर में डटे हैं। वे विधायकों की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश में कौन नेता किससे मिल रहा है, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है, जिसके बाद यह पूरी जानकारी हाईकमान तक पहुंचाई जा रही है। जयपुर में सोमवार से विधायकों के आने का सिलसिला शुरू होगा। ऐसे में उन्हें टोंक रोड पर किसी होटल में ठहराया जा सकता है। इस काम पर भी उनकी नजर है।

### साय होंगे छत्तीसगढ़ के नए CM



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने रविवार को राज्य के एक प्रमुख आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को विधायक दल का नेता चुन लिया। इसी के साथ ही यह 'सस्पेंस' खत्म हो गया कि राज्य का नेतृत्व कौन करेगा। भाजपा मुख्यालय में 54 नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के दौरान साय (59) को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मीटिंग के बाद साय के नेतृत्व में भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह की तारीख बाद में बताई जाएगी। (देखें पेज 7 भी)

### गोगामेड़ी हत्याकांड फर्जी ID से चंडीगढ़ में ठहरे थे बदमाश

# विदेश भागने की फिराक में थे दोनों सुपारी किलर

**बेधड़क** | जयपुर/दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को दावा किया कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में हत्या के दो मुख्य आरोपी फर्जी पहचान पत्र के सहारे चंडीगढ़ के होटल में ठहरे थे। आरोपी राजस्थान के नागौर जिले की मकराना तहसील के गांव जूसरी का रोहित राठौड़ और हरियाणा के महेंद्रगढ़ का नितिन फौजी चंडीगढ़ से विदेश भागने की फिराक में थे। गोगामेड़ी की हत्या करने के लिए प्रत्येक को कथित तौर पर 50,000 रुपए देने का वादा किया गया था।

इन दोनों कथित हत्यारों के साथ ही इनके सहयोगी उधम सिंह को दिल्ली और राजस्थान पुलिस की टीम ने शनिवार देर रात चंडीगढ़ के सेक्टर-24 स्थित होटल 'कमल पैलेस' से गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार रात चंडीगढ़ के एक होटल के बाहर से पकड़े गए आरोपियों को दिल्ली और राजस्थान पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच जयपुर लाकर सोडाला थाने ले जाया गया। यह संयुक्त अभियान दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और राजस्थान पुलिस के विशेष पुलिस दल (एसआईटी) ने किया था।



**एक आरोपी नितिन फौजी सेना में लांस नायक... छुट्टी लेकर आया... फिर लौटा नहीं**



दूसरा शूटर रोहित



मददगार उधमसिंह



### दोस्त की मदद से पहुंचे चंडीगढ़: जोसेफ

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गोगामेडी की हत्या करने के बाद दोनों हमलावर स्कूटी से 200 फुट बाइपास और वहां से बस में कुचामन और फिर डीडवाना होते हुए सुजानगढ़ गए, जहां से वे टैक्सी से हरियाणा के धारूहेड़ा पहुंचे। फिर, ऑटोरिक्शा लेकर रेवाड़ी से वे नितिन फौजी के दोस्त उधम सिंह की मदद से ट्रेन से हिसार गए। उधम सिंह ने उनकी पुलिस से छिपकर भागने में मदद की। हिसार से तीनों मनाली पहुंच होटल में दो दिन रुकने के बाद चंडीगढ़ पहुंच गए। इन तीनों आरोपियों ने होटल 'कमल पैलेस' में कमरा बुक करने के लिए देवेंद्र, जयवीर और सुखबीर के नाम से फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया।

### यह हुई थी डील

राठौड़ और फौजी का विदेश जाने का प्लान था। कथित तौर पर गोगामेड़ी की हत्या करने के लिए प्रत्येक को 50-50 हजार देने का वादा किया गया था। उनसे यह भी कहा गया कि जब तक उन्हें वादे के मुताबिक पासपोर्ट और वीजा नहीं मिल जाता तब तक वे भूमिगत रहें। सूत्रों ने बताया कि वे चंडीगढ़ से गोवा और आगे दक्षिण भारत में जाने की भी योजना बना रहे थे।

### हथियार बरामद नहीं

दिल्ली के डीसीपी (क्राइम) अमित गोयल ने बताया कि पूछताछ के लिए तीनों को राजस्थान पुलिस जयपुर ले गई है। अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद नहीं हुए हैं। दिल्ली पुलिस की नजर हत्या की घटना के दिन से इस मामले पर थी।

### जरूरी खबर

### देश में मिले कोविड-19 के 166 नए केस



**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 166 नए मामले सामने आए है और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 895 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 4,50,03,055 (4.50 करोड़) है और मृतकों की संख्या 5,33,306 (5.33 लाख) हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,68,854 (4.44 करोड़) हो गयी है और बीमारी से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

### मौसम: प्रदेश में 24 घंटे में सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

# मौसम का बदलेगा मिजाज... 15 के बाद कड़ाके की ठंड

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम का मिजाज रोज बदल रहा है। कोहरा छाए रहने व ठंडी हवाओं के चलने का दौर लगातार जारी है। अब मौसम विभाग ने प्रदेश के मौसम को लेकर नया अपडेट दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में 24 घंटे में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे कई इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक 15 दिसंबर के बाद सर्दी जोर पकड़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में बारिश की संभावना भी जताई है। प्रदेश में कोहरे का असर जारी रहेगा। ठंडी हवाओं के बढ़ने के साथ ही प्रदेश में दिन और रात के तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। इसके असर से राजस्थान के कई जिलों में बारिश हो सकती है। यह पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान में कितने दिन सक्रिय रहेगा, यह कुछ नहीं कहा जा सकता है। उत्तरी हवाओं का दबाव बढ़ने से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आएगी। कमजोर तंत्र के सक्रिय होने के कारण राजस्थान में कई इलाकों में हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

**■ माउंट आबू में लगातार तीसरे दिन पारा जमाव बिंदु पर, बारिश की भी संभावना**



### खेतों में जमी बर्फ की परत

माउंट आबू में रविवार को लगातार तीसरे दिन भी पारा जमाव बिंदु पर अटका रहा। ओस की बूंदें सवेरे खुले मैदानों, खेतों में खड़ी फसलों के पत्तों, घास व सोलर प्लेटों पर बर्फ के रूप में जमी नजर आई। सर्दी के सितम से बचने की जुगत में लोगों ने ऊनी लबादों का सहारा लिया। वहीं कई जगह लोगों के साथ सैलानियों ने अलाव का सहारा लिया।

### नोबेल शांति पुरस्कार

# जेल में बंद नरगिस में स्वीकारा नोबल

**एजेंसी** | हेलसिंकी

जेल में बंद ईरानी कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी के बच्चों ने रविवार को नॉर्वे की राजधानी में एक समारोह में उनकी ओर से इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया। मोहम्मदी अपने देश में महिलाओं के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए अभियान चलाने के साथ-साथ मृत्युदंड के खिलाफ मुखर रही हैं। मोहम्मदी के 17 वर्षीय जुड़वां बच्चे अली और कियाना रहमानी अपने पिता के साथ पेरिस में निर्वासन में रह रहे हैं।

ओस्लो में संवाददाता सम्मेलन में कियाना रहमानी ने अपनी मां का एक संदेश पढ़ा, जिसमें उन्होंने 'असहमति, प्रदर्शनकारियों और मानवाधिकार रक्षकों की आवाज को दुनिया तक पहुंचाने' में अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की। मोहम्मदी ने अपने संदेश में कहा कि ईरानी समाज को वैश्विक समर्थन की आवश्यकता है और आप, पत्रकार और मीडियाकर्मी इस्लामी गणतंत्र सरकार के विनाशकारी अत्याचार के खिलाफ कठिन संघर्ष में हमारे सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। आपके प्रयासों के लिए, आपने हमारे लिए जो कुछ भी किया है, उसके लिए मैं आपको तहे दिल से धन्यवाद देती हूं।

कियाना रहमानी ने कहा कि उन्हें अपनी मां से दोबारा मिलने की बहुत कम उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शायद मैं उन्हें 30 या 40 साल में देख पाऊंगी, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उन्हें दोबारा नहीं देख पाऊंगी। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मेरी मां हमेशा मेरे दिल में रहेंगी, मूल्यों के लिए लड़ना जरूरी है।

### 122 साल इतिहास में 5वीं बार जेल में बंद को पुरस्कार



नरगिस मोहम्मदी (51) को अक्टूबर में 2023 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई थी। पुरस्कारों के 122 साल के इतिहास में यह पांचवीं बार है कि शांति पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो जेल में है या घर में नजरबंद है। वह फिलहाल तेहरान की एक जेल में बंद हैं। ईरान में इससे पहले भी उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया था और कई साल जेल में रह चुकी हैं। नरगिस मोहम्मदी नोबेल शांति पुरस्कार हासिल करने वाली 19वीं महिला हैं और 2003 में मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी के पुरस्कार जीतने के बाद दूसरी ईरानी महिला हैं।



## जरूरी खबर

### टिकट रिपीट कराने वाले लें हार की जिम्मेदारी: लोकेश



**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप थमने के नाम नहीं ले रहा। कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकश शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर एक बार कांग्रेस के हार को लेकर तंज कसा। लोकेश शर्मा ने लिखा कि मीडिया खबरों के अनुसार दिल्ली में हुई समीक्षा बैठक में, 'कांग्रेस की हार का प्रमुख कारण टिकट रिपीट करना और सीटिंग विधायकों के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी का होना माना है। टिकट रिपीट करवाने वालों को हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### माली समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए लिखा पत्र

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने के बाद मंत्रिमंडल में नेताओं को जगह देने के लिए समाज केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिख रहा हैं। सोमवार को माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिख कर माली समाज को राजस्थान सरकार के मंत्री मंडल में प्रतिनिधित्व देने की मांग की। सैनी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को भी पत्र लिखा है।

### पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू



**बेधड़क,जयपुर।** आदर्श नगर स्थित राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ हुआ। परियोजना निदेशक (टीकाकरण) डॉ. रघुराज सिंह और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि इस टीकाकरण महाअभियान में जिले के नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 5 लाख 50 हजार से अधिक नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जयपुर प्रथम मे 3320 बूथ स्थापित किए गए हैं।

**इंडिया अलायंस की बैठक 19 को,** केंद्र की कमियों को जनता तक ले जाने पर होगी चर्चा

# लोकसभा चुनाव की रणनीति तय करने के लिए जुटेगा विपक्ष

**बेधड़क** | जयपुर

देश में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर मुख्य विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसकी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 दिसंबर को चौथी बैठक होगी।

इंडिया गठबंधन की बैठक में 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणामो पर चर्चा और आगामी लोकसभा चुनावो की रणनीति तय करने को लेकर कई चर्चा हो सकती हैं। सूत्रों के अनुसार अलायंस बैठक में एजेंडा बनाने, सीटों के बंटवारे और चुनाव में होने वाली रैलियां को लेकर चर्चा हो सकती है। गौरतलब हैं कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में होगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। गौरतलब है कि कांग्रेस को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।




### लोस सभा चुनाव लड़ने की बनाएंगे रणनीति

विपक्षी गठबंधन इंडिया को आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनावों में जाति आधारित गणना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को लेकर सामूहिक रूप से चुनाव लड़ सकते हैं। गौरतलब हैं कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी 17 से 19 दिसंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में रहेंगी और बैठक में भाग लेने की संभावना है। 'इंडिया' गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडे के साथ चुनाव लड़ना सबसे बड़ी चुनौती है। विपक्ष के नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में सबसे अहम मुद्दा लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर मुख्य चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल को एक चेहरा तय कर एकजुटता से चुनाव लड़ना होगा।

### BJP के खिलाफ मुद्दे बनाना चुनौती

देश के मुख्य विपक्षी दलों को दो बार से बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मजबूत रणनीति बनाना चुनौती होगा। वहीँ विपक्षी दल को प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के विरुद्ध एक मजबूत उम्मीदवारी तय करनी होगी। गौरतलब हैं कि पीएम मोदी की लोकप्रियता में देश दुनिया में अरबो प्रशंसक हैं। ऐसे में भाजपा के पीएम चेहरे के सामने विपक्षी दल को एक बड़ा चेहरा तय करना भी बड़ी चुनौती होगी। सूत्रों के अनुसार इंडिया गठबंधन को बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाना होगा। यदि विपक्षी दल एकजुट होकर देश की जनता तक यह मुद्दे पहुंचा सकते हैं तो गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे। गौरतलब है कि भाजपा की सोशल मीडिया इंजीयनिरिंग बहुत ही ताकतवर हैं।

**बड़ा सवाल:** सीएम पद की दौड़ से बाहर हो रहे संभावित नेता

# शामिल नहीं हैं दौड़ में... फिर भी समर्थक जुटे जोड़-तोड़ में

- प्रदेश में पहली बार भाजपा को सीएम बनाने में हो रही देरी
- आम से लेकर खास तक सभी संशय में, कौन बैठेगा कुर्सी पर

**नरेन्द्र चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश की जनता को सत्ता के लिए जनादेश दिए एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन सीएम की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसे तय करने में लगातार देरी हो रही है। वहीं जिन नेताओं को सीएम की रेस में सबसे आगे माना जा रहा था, वे एक-एक कर पीछे होते जा रहे है। ऐसे में आम से लेकर खास तक सीएम के नाम को लेकर संशय बन गया है।

सभी का एक ही सवाल है कि सीएम बनाने को लेकर आखिर देरी क्यों हो रही है और क्यों दिग्गज पीछे होते जा रहे है। ऐसे में भाजपा की रणनीति को लेकर भी राजनीति विशेषज्ञ भी हैरान नजर आ रहे हैं। वहीं लोगों में चर्चा है कि जिन नेताओं ने खुद को सीएम की रेस से अलग कर लिया तो फिर उनके समर्थक किस जोड़- तोड़ में जुटे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में चुनाव की शुरुआत के साथ ही भाजपा के कई दिग्गज सीएम बनने की रेस में शामिल हो गए थे। इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता भी कई बार चुटकी लेते दिखाई दिए कि इनके पास बहुत सारे सीएम के चेहरे हैं। वहीं चुनावों में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समर्थकों ने अपने चहेते नेताओं को सीएम की रेस में बना दिया। जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद दीया कुमारी, बाबा बालक नाथ, राज्यवर्धन सिंह, किरोड़ी लाल मीणा, ओम बिरला, ओम माथुर, भूपेंद्र यादव आदि भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हैं। वहीं चुनाव परिणाम के बाद जिन नेताओं को सीएम पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, वे ही अब खुद रेस से दूर हो रहे हैं।



### किरोड़ी लाल मीणा

राज्यसभा सांसद से विधायक बने किरोडी लाल मीणा पूर्वी प्रदेश के बड़े नेता माने जाते हैं और एसटी वर्ग से तालुक्कात रखते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि किरोड़ी लाल को सीएम बनाकर एसटी समुदाय में अच्छी पकड़ बनाई जा सकें, लेकिन किरोड़ी लाल ने खुद ही अपने को सीएम की रेस से दूर कर सभी अटकलों को विराम देने की कोशिश की है।

### बाबा बालक नाथ



जिस तरह भाजपा ने प्रदेश के चुनाव में ध्रुवीकरण किया और संतों को चुनाव में उतारा, उससे बाबा बालक नाथ को सीएम की रेस में सबसे आगे बताया जा रहा था। ऐसे में बालक नाथ ने भी स्वयं को सीएम की रेस से दूर लिया। उन्होंने अपने को कम अनुभवी बता मोदी के नेतृत्व में ही काम करने की इच्छा दर्शाकर प्रदेश की जनता सहित राजनीति के पंडितों को चौंका दिया। हालांकि प्रदेश में लोगों के बीच वे आज भी सीएम की पहली पसंद बने हुए है।

### गजेंद्र सिंह शेखावत



मारवाड़ में भाजपा के अच्छे पदर्शन के बाद शेखावत को सीएम के लिए प्रबल दावेदार बताया जा रहा है। वे मोदी की पंसद भी बताए जा रहे हैं। ऐसे में शेखावत ने ये फैसला केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ अपने को सीएम की रेस से दूर कर लिया है। सूत्रों के अनुसार उनके सीएम बनने पर भीतरी खाने में गुटबाजी हो सकती है।

### वसुंधरा खुद दूर लेकिन समर्थकों को आस



वसुंधरा राजे ने भले ही अभी तक अपनी भूमिका को लेकर कोई स्पष्ट बात नहीं कही है लेकिन उनके समर्थक लगातार उन्हें सीएम बनाने को लेकर बयानबाजी कर रहे है। हालांकि राजे खुद नई दिल्ली तक दौड़ लगा रही है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि भले ही बे सीएम की दौउ में बनना पसंद कर रही हो, लेकिन बिना केंद्रीय नेतृत्व की इच्छा के बिना वे भी इस बात को स्पष्ट कहने से बचना चाह रही है। इसी तरह का रूख अर्जुन राम मेघवाल, दीया कुमारी और अन्य सम्भावित चेहरों का है। ऐसे में लोगों में चर्चा है कि जब सीएम पद की लालसा नहीं है तों मंदिरों में किस मनोकामना के लिए दिग्गज नेता ढोक लगा रहे है।

**हार पर कांग्रेस की समीक्षा बैठक**

# BJP बनाएगी रिमोट से काम करने वाला सीएम



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलने के 7 दिन बाद भी मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं करने पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने सोमवार को एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर तंज कसा। जितेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा मुख्यमंत्री का ऐसा चेहरा चुनेगी, जो केंद्रीय नेतृत्व के इशारो पर काम करे।

उन्होंने हरियाणा राज्य का उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में रिमोट सीएम बनाया जाएगा, जो बटन के इशारे पर उठे-बैठे। रविवार को पूर्व मंत्री बहरोड़ में कांग्रेस के चुनाव समीक्षा और कार्यकर्ता सम्मेलन में आए थे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए यह बात कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश का यह दुर्भाग्य है कि भाजपा में इतने मुख्यमंत्री बने हैं कि वो तय नहीं कर पाते। कांग्रेस में जो विधायक चाहते हैं, वहीं मुख्यमंत्री बनता है। भाजपा में यहां ऐसा सीएम बनेगा जो सबसे कमजोर होगा।

जैसे कि हमारे पड़ोसी राज्य हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर बने हुए हैं, जो रिमोट कंट्रोल पर काम करते हैं। उन्होंने कहा- रिमोट का बटन दबाएंगे तो खड़े हो जाएंगे, दूसरा बटन दबाएंगे तो बैठ जाएंगे। ऐसा ही कमजोर मुख्यमंत्री यहां राजस्थान में बनेगा। कांग्रेस की हार को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि जब एक व्यक्ति टिकट लेकर आता है तो एआईसीसीसे एक बस भरकर कारसेवकों की मिलती है। ऐसा ही राजगढ़ में हुआ। जहां 17 लोगों ने चुनाव लड़ा। मैं तो यह कहता हूं कि बहरोड़ में भी जो लोग नाराज हैं वे चुनाव लड़ लेते। जनता फैसला कर देती। जिन्हें विरोध करना है वे आंख में आंख डालकर विरोध करें।

**नाबालिग से दुष्कर्म मामला:** पीड़ित पक्ष ने की थी शिकायत

# विधायक दीया कुमारी ने लगाई पुलिस अधिकारियों को फटकार

**बेधड़क** | जयपुर

झोटवाड़ा थाना इलाके में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन मामले लापरवाही बरतने पर में विद्याधर नगर विधायक दीया कुमारी ने पुलिस अधिकारियों को लताड़ लगाई है।

मामले में कार्रवाइ नहीं करने पर रविवार को पीड़ित पक्ष ने विधायक दीया कुमारी से मिलकर शिकायत दी थी। लोगों का आरोप था कि पोक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज करने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तार नहीं किया। इससे लोगों में आक्रोश हो रहा था। ऐसे में विधायक दीया कुमारी मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात के बाद भी पुलिस ने अपना काम सहीं नहीं किया।



नामजद मामला दर्ज होने के बाद भी अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। इससे अपराधियों के हौंसले बुलंद है, वे पीडित को धमका रहे है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**रूसा प्रोजेक्ट के तहत** आयोजित हुई कार्यशाला

# PLHIV पीड़ितों की समस्याओं पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्व विद्यालय में रविवार को रूसा 2.0 प्रोजेक्ट-14 के तहत सस्टेनेबल लाइवीहुड च्वाईसेस एंड कैपेसिटी बिल्डिंग अमंग पीपल लिविंग विद एचआईवी इन राजस्थान स्टेट को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

पीएलएचआइवी कार्यशाला का आयोजन आरयू के समाजशास्त्र विभाग द्वाराएचआरडीसी भवन में किया गया। इस कार्यशाला में नाहिद मोहम्मद, रमन चावला एचआईवी एक्ट स्पेशलिस्ट, डॉ. सुप्रतिम विश्वास औरदिलबाग सिंह ने एचआईवी के साथ जी रहे लोगों से उनके अधिकारों एवं आजीविका से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।




प्रोजेक्ट 14 के अन्तर्गत किए गए क्षेत्र सर्वे में यह पाया गया कि एचआईवी पीड़ित लोगों को अपने जीवनकाल में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कार्यशाला में हेमन्त शर्मा, अखिलेश माहेश्वरी (अध्यक्ष, नया सवेरा) की ओर से जरूरतमंदों को कम्बल वं अन्य सहायता प्रदान की गई। कार्यशाला में केअर लिवर ग्रुप के सदस्यों द्वारा अपनी भागिदारी प्रदान की गई। प्रोजेक्ट 14 के द्वारा राजस्थान राज्य के पीएलएचआईवी के कौशल क्षमता वर्धन एवं आजीविका के अवसरों को विकसित किया जाता है। कार्यशाला में प्रो. रश्मि जैन (प्रोजेक्ट पीआई), डॉ. अमिथी जसरोटिया ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में रूसा टीम से डॉ. रोली सिन्हा, डॉ. ममता कुमारी, यशस्वी सुराणा, महेश चौधरी व नवीन सिंह ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका निभाई।

**शहर का न्यूनतम तापमान 1 डिग्री गिरा**

# कोहरा छंटने के साथ ही तेजी पकड़ने लगी सर्दी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में रविवार को मौसम ठंडा रहा। पारे में 1 डिग्री की गिरावट ने सर्दी का अहसास कराया। रविवार को यहां न्यूनतम तापमान 11.6 रहा जबकि अधिकतम तापमान 25.6 रहा। रविवार का न्यूनतम तापमान शनिवार के मुकाबले एक डिग्री कम रहा।



इधर, मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में राजधानी के पारे में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। 15 दिसंबर के बाद राजधानी में मौसम अचानक करवट लेगा तथा सर्दी बढ़ेगी। प्रदेश में एक दो दिन में होने वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर जयपुर पर भी पड़ेगा। ठंडी हवाएं चल सकती हैं। हालांकि सुबह कोहरा छाये रहने की प्रक्रिया अभी जारी रहेगा। इधर, रविवार को सुबह कोहरे के बाद मौसम साफ हो गया। दोपहर में खिली धूप ने सर्दी से राहत दिलाई। रविवार को अवकाश के दिन लोग लोग देर तक रजाई में दुबके रहे। राजधानी में परकोटा इलाका, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, सीकर रोड, खातीपुरा, वैशाली नगर, मानसरोवर, प्रताप नगर, सांगानेर, आमेर रोड, गांधी नगर, सोडाला सहित विभिन्न इलाके अलसुबह कोहरे की जद में रहे। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में राजधानी का मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे। तापमान में 2 से 3 डिग्री नीचले स्तर पर आ सकता है। मौसम साफ होने के साथ ही सर्दी का असर धीरे धीरे बढ़ेगा। राजधानी जयपुर में विगत सप्ताह के न्यूनतम व अधिकतम तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। विगत 5 दिसंबर से तापमान पर नजर डाली जाये तो रविवार 10 दिसंबर तक पारे में 1 से 2 डिग्री का बदलाव देखा गया।

### मौसम ने बिगाड़ा स्वास्थ्य का पाया

मौसम बदलने से लोगों की दिनचर्या के साथ स्वास्थ्य में भी असर देखने को मिला है। सर्दी बढ़ने के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत असर होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में आने वाले मरीजों का ग्राफ बढ़ा है। अस्पताल में ज्यादातर मरीज सर्दी-खांसी से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। एसएमएस अस्पताल में शहर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं। मरीजों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

# ह्यूमन राइट्स के प्रति जागरूकता का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

एआईसीसी ह्युमन राइट की राजस्थान स्टेट कमेटी ने रविवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एआईसीसी ह्युमन राइट के राज्य और जिला पदाधिकारियों, सेवादल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

एआईसीसी ह्युमन राईट की राजस्थान स्टेट कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शकीलुर्रहमान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे साल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर एक बुकलेट का प्रकाशन किया। बुकलेट व प्रपत्र का संगोष्ठी के सभी सहभागियों और आमजन को वितरण किया।

संगोष्ठी को एआईसीसी ह्युमन राईट की राजस्थान स्टेट कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शकीलुर्रहमान, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष संगीता राठी, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद, प्रदेश महासचिव जयन्त कुमार जैन, प्रदेश सचिव रमेशचंद्र सैन व सेवादल के जिला अध्यक्ष जाकिर बुलंद आदि ने सम्बोधित किया और आमजन में जागरूकता लाने और वर्तमान समय में मानवाधिकार हनन पर प्रकाश डाला।

SKIT
असतो मा सद्गमय
www.skit.ac.in

# SWAMI KESHVANAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY, MANAGEMENT & GRAMOTHAN

Engineering Branches Accredited by NBA & IE (I)
Recognized by **UGC under Section 2 (f) of the UGC act 1956,**
**Approved by AICTE, New Delhi and affiliated to RTU, Kota**



Swami Keshvanand
(1883-1972)

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

की द्वितीय वर्षगांठ पर
हार्दिक
शुभकामनाएं



Jaipal Meel, Director

ACCREDITED WITH GRADE
A++
NAAC

CGPA 3.67 / 4.00

1 RANK NO.

## First Rank

in Engineering Program For

## 6 CONSECUTIVE YEARS

by Rajasthan Technical University (RTU), Kota

Courses Offered

- B.Tech.
- M.Tech.
- MBA With Dual Specialization
- Ph.D





Record Placements
**850+**
Batch 2023

Highest Package
**47 LPA**
Batch 2023




Ramnagaria, Jagatpura, Jaipur-302017 (Rajasthan) | E-mail : admissions@skit.ac.in

## जरूरी खबर

### जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से हमला एक की मौत




**बारां।** जिले में अंता के समीप अमलसरा व ताखा गांव के बीच जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ही परिवार के दो साढूओं के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बाद में विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी धनराज ने मृतक रामकिशन के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे मौके पर ही रामकिशन की मौत हो गई। सूचना मिलते ही अंता पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया।

### बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने किसान को लूटा

**नागौर।** जिले के रोल कस्बे में क्षेत्र में साधु वेश में आए दो शातिर लुटेरों ने एक किसान से ग्यारह हजार रुपए लूट लिए। खानपुर मांजरा निवासी किसान बुधाराम भाकर अपने घर से ट्रैक्टर लेकर बाजार जा रहा था। खंवर गांव के पास एक हरियाणा नंबर की कार में सवार साधु के वेश में दो लोगों ने ट्रैक्टर रुकवाया। लुटेरों ने किसान से चाय पानी के पैसे मांगे। किसान ने जैसे ही पैसे निकाले लुटेरों ने हाथ से पूरी रकम छीन ली और फरार हो गए। पुलिस ने मामले में प्रताप नाथ कालबेलिया (26) निवासी भिवानी व जानीनाथ कालबेलिया (43) निवासी चुरु को गिरफ्तार कर लिया।

### गीजर से गैस लीक, युवक की दम घुटने से मौत



**जोधपुर।** जिले के पीपाड़ शहर पुलिस थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर से चलने वाले गीजर से एक युवक की मौत हे गई है। पीपाड़ शहर पुलिस थाना अधिकारी नरेंद्र पवार ने बताया कि बाथरूम में नहाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक लालचंद (44 वर्ष) पुत्र अमरचंद सोनी ने सुबह 9:30 बजे बाथरूम में गर्म पानी के लिए गैस गीजर ऑन किया था। इसी दौरान गीजर से गैस लीक होने लगी। बाथरूम में खिड़की या अन्य वेंटिलेशन नहीं होने के कारण गैस बाथरूम में ही जमा हो गई। इससे दम घुटने से युवक की मौत हो गई है।

स्कूली बच्चों सहित स्तंभ स्थापना कार्यक्रम में देशभर से मंदिर संस्था से जुड़े श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

# अक्षरधाम मंदिर का 65% काम पूरा, श्रद्धालुओं ने की पूजा

बेधड़क | जोधपुर

जोधपुर के कालीबेरी में बन रहे अक्षरधाम मंदिर का 65 फीसदी काम पूरा हो गया है। रविवार को निर्माणाधीन मंदिर के प्रथम तल पर स्तंभों को स्थापित किया गया। इस दौरान 1500 यजमान ने एक साथ पूजा की।

बड़ी बात यह है कि यह देश का पहला ऐसा अक्षरधाम मंदिर है जिसमें जोधपुरी पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। देशभर में करीब 150 अक्षरधाम मंदिर हैं। सभी मंदिरों में बंशी पहाड़पुर और मकराना के मार्बल का उपयोग हुआ है। जोधपुर के कालीबेरी में पहला




ऐसा मंदिर बन रहा है जिसमें केवल जोधपुर का पत्थर ही काम लिया जा रहा है। रविवार को स्तंभ स्थापना कार्यक्रम में देशभर से मंदिर संस्था से जुड़े श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर में लगने वाले स्तंभों का पूजन स्कूली बच्चों ने किया। पूजन के लिए 500 से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। यहां तिलक करते हुए बच्चों की फोटो भी खिंची गई। स्तंभ का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामीनारायण भगवान के जयकारे भी लगाए। मंदिर में कुल 251 स्तंभ लगने हैं। इनमें 125 स्तंभ प्रथम तल पर लगाए जा चुके हैं। द्वितीय तल पर भी इतने ही स्तंभ लगेंगे। मंदिर का निर्माण सनातन शिल्प परंपरा के तहत नागर शैली में किया जा रहा है। इन पिलर को सिरोही घाट शैली में बनाया गया है। स्वामी नारायण संस्था निर्माण कार्य करा रही है।

### मंदिर निर्माण के कार्य में आएगी तेजी

मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सवा साल में की जाएगी। पिलर स्थापित होने से मंदिर निर्माण के कार्यों में तेजी आएगी। यहां पर गोयलों की ढाणी, मणाई, माणकलाव, बिंजवाडिया, बालरवा, मथानिया, तिंवरी, मंडोर, सरस्वती नगर, सारण नगर से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जोधपुरी पत्थर से बन रहे इस मंदिर का 65 प्रतिशत तक बन चुका है। वहीं मंदिर के अतिरिक्त यहां 3 हजार लोगों के बैठने का सभा मंडप, भोजनशाला आदि बनाई गई है। वहीं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी रुकने के लिए आधुनिक सुविधायुक्त कमरे बनाए गए हैं।



### युवाओं को करेंगे जागरूक

मंदिर के द्वारा आसपास के क्षेत्रों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने, बाल कल्याण आदि के लिए भी जागरूकता शिविर चलाए जाएंगे। मंदिर के योगी प्रेम स्वामी महाराज ने बताया कि आज के समय में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आकर भटकाव की राह पर है उन्हें रोकने के लिए भी मंदिर में समय-समय पर कार्यक्रम होंगे और उन्हें जागरूक किया जाएगा।

अलवर में दुकानदार से दुकान खाली कराने के लिए भेजा पत्र

# कन्हैया लाल के बाद एक और टेलर को PFI से मिली धमकी

बेधड़क | अलवर

अलवर जिले सदर थाना क्षेत्र में एक दुकानदार को दुकान खाली कराने के लिए धमकी भरा पत्र डाक से मिला है। थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने बताया कि तिजारा रोड पर चिकानी गांव में एक दुकानदार को 13 नवंबर को डाक से एक पत्र मिला है। पत्र में 31 दिसंबर तक दुकान खाली करवाने के लिए कहा गया है।

धमकी भरे पत्र में 3 दुकानदारों के नाम का जिक्र है और 31 दिसंबर तक दुकान खाली नहीं करने पर उसको बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। पत्र भेजने वाले ने अपना नाम पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) लिखा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित सोहन लाल जाटव (74) की ओर से इस संबंध में गुरुवार को मामला दर्ज करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्र हाथ से लिखा हुआ है और पत्र में पीड़ित के साथ दो अन्य दुकानदारों के नाम का भी जिक्र है, जिन्हें दुकान खाली करने की धमकी दी गई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पूर्व में सिलाई का काम करता था। पत्र में तीनों दुकानदारों से 31 दिसंबर तक उचित कीमत लेकर दुकान खाली करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 385 (रंगदारी के लिए किसी व्यक्ति को डराना) के तहत मामला दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

गौरतलब है राजस्थान में दूसरा मौका है जब किसी टेलर को धमकी मिली है। इससे पहले उदयुपर के एक टेलर कन्हैया लाल जान से मारने की धमकी मिली थी और उसके कुछ दिनों में दो लोगों ने कन्हैया लाल की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी थी।

### लेटर में तीन दुकानदारों का जिक्र, बम से उड़ाने की दी गई धमकी



### चिकानी पोस्ट ऑफिस से भेजा लेटर

धमकी भरा पत्र करीब 12 दिन पहले पीड़ित को मिला था, लेकिन वह 2 दिन पहले शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा। मेवात क्षेत्र से आने वाले 76 वर्षीय सोहनलाल जाटव पुत्र केसरिया जाटव की चिकानी के अंबेडकर कॉलोनी निवासी है। बड़ी बात है कि टेलर को भेजा गया धमकी भरा पत्र चिकानी पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेजा गया है। आरोपी ने यह पत्र चिकानी पोस्ट ऑफिस में ही डाला और वहीं रिसीव हुआ। थाना प्रभारी दिनेश मीना ने बताया कि पुलिस धमकी भरे पत्र भेजने वाले के बारे में पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस अब सोहनलाल से दुश्मनी रखने वालों के बारे में जांच कर रही है।

### ये लिखा है पत्र में

पत्र लिखा है, मेरी बात अच्छी तरह समझ लेन, यह तेरी दुकान है। यह जगह मुसलमान की है, यह जो सरदार की दुकान है और रोहतास कुमार की दुकान है, सरपंच और आस मोहम्मद के लोगों ने बताया है कि यह सारी जगह मुस्लिम भाइयों की है और आपने कब्जा किया हुआ है। मैं अभी शराफत से बोल रहा हूं, अभी जगह की सही कीमत लो और खाली करो, मैं कौन हूं... PFI, 31 दिसंबर तक का समय दे रहा हूं, नहीं तो PFI को दुनिया जानती है, एक रात में बम से सब नष्ट कर दूंगा।

### पुलिस ने शुरू की जांच

मामला जिले के सदर थाना इलाके का है, जहां चिकानी में पुलिस चौकी के सामने ही एक टेलर को पीएफआई के नाम से धमकी भरा पत्र मिला। पीड़ित को उक्त पत्र पिछले महीने डाक द्वारा पीड़ित के पास भेजा गया था, लेकिन विधान सभा चुनाव के कारण उसने पत्र को ओपन नहीं किया। पत्र में सोहन लाल जाटव समेत कुल तीन दुकानों को 31 दिसंबर तक खाली करने की चेतावनी दी गई है।

श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाईवे पर हादसा

# ट्रक और बोलेरो में भिड़ंत तीन लोग गंभीर घायल

■ बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ जा रहे थे कार सवार



बेधड़क | बीकानेर

बीकानेर जिले में श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में बोलेरो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भयानक थी कि ट्रक में भीषण आग लग गई और ट्रक पूरी तरह से जल गया।

ट्रक चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को श्रीडूंगरगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। बोलेरो में सवार सभी लोग बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ जा रहे थे। लखासर टोल नाके के पास सामने से आ रहे ट्रक से बोलेरो टकरा गई और टकराते ही ट्रक में आग लग गई।

आमने-सामने की इस भिड़ंत में बोलेरो में सवार पति-पत्नी व उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान ठकुरियासर निवासी भगवान सिंह, पूजा और ललित के रूप में हुई है। तीनों घायलों को पीबीएम अस्पताल रैफर किया गया है। जहां भगवान सिंह और उसकी पत्नी पूजा की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ का मार्ग अवरुद्ध हो गया। जानकारी मिलते ही श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू करवाया।

पत्नी के शोर मचाने पर पकड़ा गया आरोपी

# रूपबास में 12 साल की विमंदित नाबालिग बालिका से दुष्कर्म

बेधड़क | भरतपुर

भरतपुर जिले के रूपबास थाना क्षेत्र के एक गांव में विमंदित नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। नाबालिग बालिका को एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने तम्बाकू गुटखा लाने के बहाने घर बुलाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता को भरतपुर के जनाना अस्पताल में रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घटना 7 दिसंबर की है। 12 साल की नाबालिग घर के बाहर



अपनी दोस्त के साथ खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले 38 वर्षीय राकेश नाबालिग को घर के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के दौरान राकेश की पत्नी भी घर में मौजूद थी। जब राकेश की पत्नी ने बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनी तो वह राकेश के कमरे गई। नाबालिग के साथ पति को दुष्कर्म करते देख राकेश की पत्नी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग राकेश के घर में आ गए। बच्ची के पिता ने बदनामी की वजह से मामले को दबाने की कोशिश की लेकिन आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। आरोपी के खिलाफ रूपवास थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग के साथ दुष्कर्म की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी ली आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया।

दुर्घटना में मौत की आशंका, पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार

# धोलापानी के जंगल में मिला पैंथर का शव

बेधड़क | प्रतापगढ़

जिले के धोलापानी के जंगल में राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर रविवार अलसुबह सियाखेड़ी इलाके में एक नर पैंथर का शव मिला। सूचना पर वन विभाग मौके पर पहुंचा। वन विभाग के कर्मचारियों ने पैंथर के शव को प्रतापगढ़ वन विभाग कार्यालय परिसर में लाया गया। जहां पशु चिकित्सकों से पोस्टमार्टम करवाया और अंतिम संस्कार करवाया।

प्रथम दृष्टया पैंथर की मौत किसी वाहन की टक्कर से होना सामने आया है। इसके पास में ही एक भैंस मृत हालत में मिली है। सहायक वन संरक्षक दारासिंह



राणावत ने बताया कि मृत पैंथर 8 से 9 साल का बताया जा रहा है। सियाखेड़ी वन नाके के वनपाल त्रिलोकनाथ ने बताया कि सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर बरोल वनखंड में सडक़ पर एक पैंथर और भैंस मृत हालत में पड़े हैं। इस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां उच्च अधिकारियों को भी सूचना दी गई। वहां से पैंथर के शव को बारा की बावड़ी लाया गया। यहां से उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शव को प्रतापगढ़ के रेस्क्यू सेंटर लाकर पोस्टमार्टम करवाया गया। पैंथर के सिर पर चोट के निशान थे। हालांकि उसके नाखून, दांत आदि सुरक्षित थे।

तहसीलदार, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वन अधिकारियों की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृत पैंथर पूर्ण वयस्क था। वन विभाग कर्मचारियों ने बताय कि यह नर होकर लगभग साढ़े 5 फीट लंबा और 8 से 9 साल का था। संभवतया किसी वाहन की टक्कर से चोट लगने के बाद पैंथर और भैंस की मौत हो गई।

बाड़मेर में 119 बूथों पर पिलाई जा रही पल्स पोलियो की खुराक

# नौनिहालों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की, लाखों बच्चों को पिलाएंगे वैक्सीन

बेधड़क | बाड़मेर

प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 10 दिसंबर को चयनित 24 जिलों में 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

यह अभियान अजमेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू, दौसा, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, नागौर, टोंक, हनुमानगढ, गंगानगर, जयपुर प्रथम एवं जयपुर द्वितीय, बूंदी, सीकर, बांसवाड़ा, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, उदयपुर, सिरोही एवं जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बाड़मेर जिले में 119 बूथों पर रविवार को पल्स पोलियों की दवा 5 साल के बच्चों को पिलाई जा रही है। इन



बूथों पर 8 हजार 594 वैक्सीनेटर तथा उनके निरीक्षण के लिए 334 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। सोमवार और मंगलवार दो दिन तक घर-घर जाकर पोलिया की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद जिला एवं खंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के बीच समन्वय कर पल्स पोलियो का अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। विशेषकर ईट-भट्टों पर कार्यरत मजदूरों और घुमंतू जातियों के बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी। बाड़मेर जिला एवं स्वास्थ्य विभाग ने तीन दिन में 4 लाख 28 हजार बच्चों को पोलियों खुराक पिलाने का टारगेट लेते हुए रविवार को बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई गई।

### बांसवाड़ा में 3 लाख 2 हजार बच्चे चिह्नित

बांसवाड़ा जिले में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान रविवार को शुरू हुआ। महात्मा गांधी राजकीय चिकित्सालय में जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने नौनिहाल को दो बूंद दवा पिलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार, पीएमओ डॉ. खुशपाल सिंह ने भी दवा पिलाई। अभियान के तहत जिले में 3 लाख 2 हजार 239 बच्चों को कवर किया जाएगा। कार्यवाहक आरसीएचओ डॉ. राहुल डिंडोर ने बताया कि बांसवाड़ा शहरी क्षेत्र में 17933, कुशलगढ़ शहर में 1475, आनंदपुरी में 25974, बागीदौरा में 32576, छोटी सरवन में 18021, गढ़ी में 41213, घाटोल में 58647, कुशलगढ़ ब्लॉक में 33348, सज्जनगढ़ में 31891, तलवाड़ा ब्लॉक में 41161 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने पहले सेंटर्स पर नौनिहालों को दवा पिला रहे हैं। इसके बाद घर-घर जाकर दवा पिलाएंगे।

### चूरू में भी पिलाई गई दवा

चूरू में भी रविवार को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान हुआ शुरू हुआ। उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि 10 दिसम्बर से उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में बीसीएमओ डॉ.जगदीश सिंह भाटी ने पल्स पोलियो बूथों पर ओरल पोलियो वेक्सीन पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

### पहले ही दिन 70% बच्चों को किया कवर

**बीकानेर।** उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के तहत 5 वर्ष तक के 3 लाख 1 हजार 300 बच्चों को बूथों पर बाईवेलेंट ओरल पोलियो वैक्सीन की 2 बूंदे पिलाई। 4 लाख 26 हजार 518 के लक्ष्य के विरुद्ध 70.64 परसेंट उपलब्धि पहले दिन हासिल कर ली गई। अभियान का जिला स्तरीय उद्घाटन एसडीएम जिला अस्पताल पोलियो बूथ पर स्वास्थ्य विभाग बीकानेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेंद्र चौधरी ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार, अभियान के नोडल अधिकारी आरसीएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता, जिला



अस्पताल के अधीक्षक डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, जिला टीबी अधिकारी एवं रोटेरियन डॉ सीएस मोदी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ अनुरोध तिवारी, हेल्थ मैनेजर प्रबल कुमार पवार, रोटेरियन पंकज पारीक व डॉ पुनीत खत्री सहित रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई।

**जरूरी खबर**

## कमिश्नरेट में 6 पुलिस निरीक्षकों का हुआ तबादला



**जयपुर।** पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने प्रदेश में आचार संहिता हटने के बाद रविवार देर रात को कमिश्नरेट में 6 पुलिस निरीक्षकों का तबादला किया है। तबादला सूची के अनुसार अजय सिंह मीणा को थानाधिकारी बिंदायका जयपुर पश्चिम, संजय पूनिया को रिजर्व पुलिस लाइन, महेश कुमार स्टाफ ऑफिसर अति पुलिस आयुक्त द्वितीय, अनिल कुमार मुंड को थानाधिकारी महेश नगर, इंदु शर्मा को थानाधिकारी सेज जयपुर पश्चिम, अंजू कुमारी थानाधिकारी महिला थाना जयपुर उत्तर लगाया गया है।

## परिणाम जारी करवाने के लिए LSA करेंगे प्रदर्शन

**जयपुर।** चयन बोर्ड द्वारा 1436 पदों हुई पशुधन सहायक परीक्षा में कुछ पदों पर परिणाम जारी नहीं होने से स्टूडेंट्स को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। अभ्यर्थी देवेंद्र बागड़वा ने बताया कि भर्ती में एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें हाई कोर्ट ने पूर्ण परिणाम को वापस जारी करने के आदेश दिए गए थे। उसके बाद बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन भी लगाया गया था, जिसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2 को मई को हाई कोर्ट का डिसीजन को सही बताते हुए पूरे परिणाम को वापस जारी करने आदेश दिया था, लेकिन करीब 7 महीने में बीत जाने बाद भी बोर्ड ने परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया।

### न्यू सांगानेर रोड पर सड़क की चौड़ाई का मामला

# पिछली सरकार ने किया निराश, अब नई से आस

**बेधड़क** | जयपुर

सरकार बदलते ही न्यू सांगानेर रोड पर कार्रवाई के लिए पहुंचे जेडीए के दस्ते को नव निर्वाचित विधायक भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद बैरंग लौटना पड़ गया। ऐसे में अब न्यू सांगानेर रोड के 800 से अधिक व्यापारियों को नई सरकार से आस बंधी है।

व्यापारियों का कहना है कि वे पिछले ढाई साल से कांग्रेस सरकार से दुकानों को बचाने गुहार लगा रहे हैं, लेकिन गहलोत सरकार से उन्हें कोई राहत नहीं मिली। ऐसे में अब उन्हें नई सरकार से ही उम्मीद है कि वे दुकानदारों की सुनवाई करेंगे।

दरअसल न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए कोर्ट में 800 दुकानों को अतिक्रमण बता सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का काम शुरू करने वाला है। ऐसे में न्यू सांगानेर रोड पर स्थित दुकानों को तोड़ने का अल्टीमेटम दिया जा चुका है। हालांकि, कोर्ट ने अपने आदेश में सड़क की चोडाई में आने वाले अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जेडीए ने दुकानों को ही अतिक्रमण बता तोड़ने के आदेश निकाल दिए। इस कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों का कहना है कि जेडीए अपनी मनमानी कर रहा है। न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई बढ़ाने की जरूरत ही नहीं है। सभी दुकानें 25 साल पुरानी है। ऐसे में इस कार्रवाई से सैकड़ों व्यापारियों के रोजी-रोटी पर संकट आ जाएगा।




### सड़क 200 फीट करने पर अड़ा जेडीए

न्यू सांगानेर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष एडवोकेट अमित शर्मा ने बताया कि वर्तमान में सड़क की चौडाई 150 फीट है, जबकि मास्टर प्लान में तो सड़क की चौडाई 100 फीट बताई गए है। साथ ही इस सड़क पर यातयात का दबाव भी ज्यादा नहीं है। इसी सड़क के समानांतर वंदेमातरम मार्ग और रिंग रोड भी हैं, जिससे यातायात काफी बंट गया है। फिर भी जेडीए 150 फीट से 200 फीट सड़क की चौडाई करने पर अड़ा है। कोर्ट में भी दुकानों को अवैध बता दिया गया है।

### दे चुके 40 दिन तक धरना, नहीं मिले तत्कालीन सीएम

गौरतलब है कि व्यापार मण्डल इसके विरोध में कांग्रेस के प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज के कार्यालय पर धरना भी दे चुके हैं। उनकी मांग थी कि वे एक बार सीएम से मिल अपनी समस्या सुनाना चाहते हैं, लेकिन व्यापारियों की सीएम से मुलाकात नहीं हो पाई। अब ऐसे में सभी को वर्तमान सरकार से उम्मीद है।

### हेरिटेज महापौर पति पर पार्षद को धमकाने का आरोप

# मैं तो ऐसे ही चोरी करूंगा, जो बीच में आएगा उसकी टांगें काट दूंगा

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज के पार्षद मनोज मुद्गल ने हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर के खिलाफ धमकी देने की शिकायत दी है। पार्षद मुद्गल ने इस संबंध में रविवार को दो दर्जन से अधिक हेरिटेज के कांग्रेस पार्षदों के साथ पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। मुद्गल ने बताया कि 7 दिसंबर को सुशील गुर्जर ने फोन करके टांगें काटने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी, साथ में मेयर मुनेश गुर्जर का भी नाम लेकर कहा कि मैं तो ऐसे ही चोरी करूंगा जो बीच में आएगा उसकी टांगें काट दूंगा। उन्होंने आयुक्त से कहा कि यदि पूरे सबूत होते हुए भी गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे पुलिस कमिश्नरेट का घेराव करेंगे। इस पर पुलिस कमिश्नर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुद्गल ने आरोप लगाया कि सुशील गुर्जर ने करीब 15 पार्षदों और अन्य 25 लोगों को भी धमकी दी है। वह लोगों को फोन कर डराता धमकाता है, जिसके सबूत रिकॉर्डिंग के रूप में उनके पास उपलब्ध है। सुशील की जमानत भी रद्द कराने के लिए कोर्ट से मांग करेंगे।



## शादी समारोह में शिरकत, दी शुभकामनाएं



*जयपुर। एडवोकेट राहुल और एडवोकेट मनाली के रिसेप्शन कार्यक्रम में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिरकत कर नवदंपती राहुल और मनाली को बधाई दी। वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा और डिजिटल हेड रवि कुमार भी विवाह समारोह में शामिल हुए। शादी में राजनीतिक, सामाजिक और उद्योग जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियों ने भाग लिया।*


### छात्र ने किया सुसाइड, दो टीचर्स पर लगाया आरोप

# TC काटने की देती थीं धमकी, अब दोनों मेम की इच्छा पूरी हो जाएगी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में फंदा लगाकर एक नौवीं कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या की ली। शिवदासपुरा इलाके में हुई घटना में छात्र का एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दात्र ने स्कूल की दो अध्यापिकाओं पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

घटना के बाद शिवदासपुरा थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने सुसाइड नोट के आधार पर शुक्रवार को स्कूल की दो महिला टीचरों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। इस संबंध में एसआई घनश्याम ने बताया कि सीतापुरा शिवदासपुरा के रहने वाले छोटू कुमार (15) ने सुसाइड किया है। वह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल विधानी में 9वीं क्लास में पढ़ता था। उसने 9 सितंबर की दोपहर कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। शाम करीब 7 बजे छोटू की मां उसे बुलाने गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने पर भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। गेट तोड़कर अंदर जाने पर वह फंदे से लटका मिला।



### बोली को लेकर कसते थे ताने

मृतक के पिता रविन्द्र शाह ने बताया कि छोटू पिछले कई दिनों से दुखी था। दूसरे स्टूडेंट के सामने दोनों टीचर रजनी कक्कड़ और हनसना उसकी लेंग्वेज का मजाक बनाते थे। उसको स्कूल से टीसी काटने की धमकी भी देते थे। इसके चलते छोटू मानसिक अवसाद में था। मैंने समान्य घटना समझकर उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था। सुसाइड नोट के आधार पर कोर्ट के आदेश करवाकर शिवदासपुरा थाने में दोनों आरोपी टीचरों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

### सुसाइड नोट में बताई वजह

हॉस्पिटल की मोरचरी में पोस्टमॉर्टम से पहले डॉक्टरों ने छोटू कुमार के कपड़ों की तलाशी ली। उसकी पेंट की जेब में एक पेज का सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था- रजनी कक्कड़ मैम, हनसना मैम आप लोगों की इच्छा पूरी हो जाएगा। दो मैम हमको धमकी दे रही थी। स्कूल से टीसी काट दूंगी। जब 8वीं क्लास में रजनी कक्कड़ मैम से झगड़ा हुआ था। टीसी काटने की धमकी दे रही थीं। डॉक्टरों ने छोटू कुमार के पास से मिले सुसाइड नोट को पिता रविन्द्र शाह को सौंप दिया।



# सर्दी में समस्या बनते 'धुआं, धुंध और धूल'



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

साधन संपन्न लोगों के लिए बेशक सर्दी का मौसम प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल सौगात है। क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार गर्म कपड़ों, मंहगे कंबल रज़ाई,घरों में तापमान गर्म रखने के लिए विभिन्न प्रकार के ब्लोअर ,हीटर आदि यहाँ तक कि अपनी गाड़ियों में भी गर्म हवा की सारी व्यवस्था कर पाने की आर्थिक सामर्थ्य रखते हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान का दो वक़्त की रोटी का प्रबंध कर पाना भी मुश्किल हो रहा हो,ऐसे में कोई भी ग़रीब आदमी सर्दियों से बचने के लिए इस तरह की सुविधाओं की बात सोच भी नहीं सकता। परन्तु वह ग़रीब व्यक्ति या उसका परिवार भी शीत लहरी के प्रकोप से स्वयं को बचाने के उपाय ज़रूर ढूंढता है। और किसी ग़रीब या बेघर व्यक्ति के लिए सर्दियों से बचने का सबसे सुगम सस्ता व उपलब्ध साधन होती है 'आग'। अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे ग़रीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं। परन्तु सही मायने में भारत जैसे विशाल देश में ख़ास कर उत्तर भारत के शीत लहरी प्रभावित घनी आबादी वाले राज्यों में हर ग़रीब व बेघर तक न तो सरकार के 'अलाव ' की आंच पहुँचती है न ही सरकार द्वारा अलाव जलाने हेतु आवंटित पूरी धनराशि लकड़ियां ख़रीदने पर ख़र्च की जाती होंगी।

इसी ठण्ड से बचने के लिए जब ग़रीबों, भिखारियों व बेघर लोगों को कुछ नहीं सूझता तो वे जगह जगह झुण्ड के रूप में इकट्ठे होकर स्वयं आग जलाने की व्यवस्था करते हैं। परन्तु इनके द्वारा जलाई गयी आग में अधिकांशतः पॉलीथिन, प्लास्टिक, पाऊच, दूध की ख़ाली थैलियां यहाँ तक कि रबड़, टायर ट्यूब और पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जैसी ज़हरीला धुआं छोड़ने वाली वस्तुएं जलाई जाती हैं। इसके दुष्प्रभाव से अनजान इस वर्ग को इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उनके द्वारा जलाई गई सामग्री से उठने वाला जानलेवा धुआं न केवल उनके अपने लिए धीमा ज़हर का काम कर रहा है बल्कि यह आस पास के पूरे वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है और दूसरे तमाम राहगीरों या उस क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ के लिए भी समस्या खड़ी कर रहा है। यह स्थिति उन दिनों में और भी ज़्यादा भयावह हो जाती है जब सर्दियों के दिन और रातें घने कोहरे और धुंध की चादरों में लिपटी होती हैं। इस मौसम में प्रायः हवा भी नहीं चलती और उसी धुंध में यह ज़हरीला धुआं मिलकर वातावरण को इतना दुर्गन्धयुक्त,ज़हरीला व प्रदूषित बना देता है कि आम लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। दमा,अस्थमा,सांस व कफ़ खांसी के मरीज़ों का तो इस वातावरण से गुज़ारना ही गोया मौत को दावत देने के सामान है।

> *"यह सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों की सुविधा व स्वास्थ की चिंता पूरी ईमानदारी से करे। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर शहरी वार्ड स्तर तक रेलवे स्टेशन पार्क व अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले ग़रीबों भिखारियों व बेघर लोगों को शीत लहर से बचाने की प्रभावी व्यवस्था करे। चाहे उनके लिए समुचित आश्रय स्थल बनाकर या अलाव जलाकर। इसके अतिरिक्त सफ़ाई कर्मियों द्वारा कूड़ा इकट्ठाकर जलाए जाने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगाया जाए।"*

ज़हरीले धुएं के दुष्प्रभाव से केवल ग़रीब अनपढ़ या भिखारी बेघर वर्ग ही अनभिज्ञ नहीं बल्कि अक्सर यह भी देखा गया है कि स्थानीय नगर पालिकाओं के सफ़ाई कर्मचारी भी झाड़ू से कूड़ा इकठ्ठा कर जगह जगह उसकी ढेरियां बना कर ख़ुद ही अपने हाथों से उसमें आग लगा देते हैं। उस कूड़े के ढेर में भी अधिकांशतः प्लास्टिक, पॉलीथिन, पन्नी व रबड़ आदि ही रहता है जोकि ज़हरीला धुआं छोड़ता है। मज़े की बात तो यह है कि एक बेघर या ग़रीब व्यक्ति तो केवल सर्दियों में अपने को शीतलहरी से बचाने के लिए प्लास्टिक, रबड़ आदि जलाता है परन्तु सफ़ाई कर्मचारी और कबाड़ का काम करने वाले वे लोग जो रबड़ की तारों को जलाकर उसमें से तांबे के तार निकालते हैं, वे तो वर्ष भर अपने इसी 'प्रदूषण फैलाओ अभियान' में लगे रहते हैं ? और प्रशासन व सरकारें मूक दर्शक बनकर आज़ाद देश के इन आज़ाद नागरिकों की करतूतों को देखती व नज़रअंदाज़ करती रहती हैं।

और जब इसी धुंध और धुएं में धूल भी शामिल हो जाए फिर तो सरकारें और डॉक्टर्स सभी यही सलाह देने लगते हैं कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। ऐसे ही अत्यंत प्रदूषित व स्वास्थ के लिए ख़तरनाक वातावरण में सरकारें स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर देती हैं। निर्माण कार्य बंद कर दिए जाते हैं। रेत, मिट्टी, बजरी आदि गृह निर्माण की ऐसे सामग्री जिसके आवागमन से मार्ग में प्रदूषण फैलता हो उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाता है। दिल्ली जैसे घने राज्य में तो सम-विषम नंबरों के आधार पर यातायात को इसलिए नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है ताकि वातावरण में धुआं नियंत्रित किया जा सके। किसानों को अपने खेतों में पराली तथा फ़सलों के अवशेष जलाने से रोका जाता है। इसके लिए क़ानून भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त हमारे धर्म प्रधान देश में धूप अगरबत्ती, लोबान, हवन दिया बाती आदि के माध्यम से तो पूरे देश में ही प्रदूषण होता ही रहता है। परन्तु धर्म भीरुओं की मानें तो उनके द्वारा फैलाया जाने वाला प्रदूषण, प्रदूषण नहीं बल्कि वातावरण को 'शुद्ध' करने वाला पवित्र धुआं होता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## 11 दिसंबर: गीतकार प्रदीप के स्मृति दिवस पर विशेष

# दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदी सिनेमा में गीतकार प्रदीप वह हस्ती हैं, जो अपने देश प्रेम और देशभक्ति गीतों की वजह से सारे देश में जाने-पहचाने जाते हैं। उनका एक नहीं, कई ऐसे गीत हैं जिन्हें सुनकर देश प्रेम का जज़्बा जाग उठता है और देशवासी देश पर मर मिटने के लिए तैयार हो जाते हैं। साल 1943 में फ़िल्म 'किस्मत' में लिखे उनके क्रांतिकारी गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों...' की लोकप्रियता से घबराकर, बर्तानिया हुकूमत ने गीतकार प्रदीप के ख़िलाफ़ गिरफ़्तारी वारंट जारी कर दिया था। जिसके चलते प्रदीप कई दिनों तक अंडरग्राउंड रहे, लेकिन न तो फ़िल्म से यह गाना हटाया गया और न ही उन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत से माफ़ी मांगी। उस ज़माने में यह गीत इस क़दर लोकप्रिय हुआ कि सिनेमाघरों में दर्शक इसे बार-बार सुनने की फ़रमाइश करते थे। आलम यह था कि दर्शकों की फ़रमाइश पर फ़िल्म के आख़िर में इस गीत को दोबारा सुनाया जाने लगा। किसी फ़िल्मी गीत के जानिब ऐसी दीवानगी फिर कभी दिखाई नहीं दी। गीतकार प्रदीप के देशभक्ति गीत की बात हो, और 'चल चल रे नौजवान...' का ज़िक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। फ़िल्म 'बंधन' (1940) में लिखे उनके इस गीत को, तो राष्ट्रीय गीत का मर्तबा मिला। वह दौर, देश की ग़ुलामी का दौर था। सिंध और पंजाब असेंबली ने इस गीत को राष्ट्रीय गीत की मान्यता दे दी और ये गीत वहां की असेंबली में गाया जाने लगा। अदाकार बलराज साहनी, उस वक्त लंदन में बीबीसी हिंदी रेडियो में एनाउंसर थे, वे भी इस गीत को वहां प्रसारित करने से अपने आप को नहीं रोक पाए। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस' ऐ मेरे वतन के लोगों...' गीत के बिना अधूरा होता है। देश की गली-गली, चौराहों, सरकारी समारोह में यह गीत ज़रूर सुनाई देता है। 27 जनवरी, 1963 की शाम राजधानी दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में जब लता मंगेशकर ने इस देशभक्ति से ओतप्रोत गीत को पहली बार गाया, तो कार्यक्रम में मौजूद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ-साथ सभी लोगों की आंखें नम हो गई थीं। आज भी जब कभी यह गीत बजता है, तो हर देशवासी की यही हालत होती है।



साल 1954 में आई फ़िल्म 'जागृति' में भी गीतकार प्रदीप ने कई यादगार गीत लिखे। 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की...', 'हम लाए हैं तूफ़ान से कश्ती निकाल के...,' और 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड़ग बिना ढाल...' आदि गीतों ने बच्चों में जितनी धूम उस ज़माने में मचाई थी, उतनी ही मक़बूलियत आज भी क़ायम है। एक के बाद एक आए इन देशभक्ति भरे गीतों ने कवि प्रदीप को राष्ट्रकवि का मर्तबा दिला दिया। प्रदीप को सिर्फ़ देशभक्ति भरे गीत लिखने में ही अकेले महारत नहीं थी, बल्कि उन्होंने अनेक धार्मिक और दार्शनिक गीत भी सफलता से लिखे। उनकी मधुर आवाज़ ने इन गीतों को और नई ऊंचाईयां दीं। 'देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान' (फ़िल्म-नास्तिक), 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' (फ़िल्म-वामन अवतार), 'काहे को बिसारा हरी नाम...', 'माटी के पुतले...' (फ़िल्म-चक्रधारी), 'पिंजरे के पंक्षी रे...' (फ़िल्म-नागमणि), 'कोई लाख़ करे चतुराई...' (फ़िल्म-चंडीपूजा), 'दूसरों का दुखड़ा दूर करने वाले' (फ़िल्म-दशहरा), 'मुखड़ा देख ले प्राणी' (फ़िल्म-दो बहन), 'सुख दुःख दोनों रहते' (फ़िल्म-कभी धूप कभी छांव)। प्रेरणास्पद गीत लिखने में भी प्रदीप का कोई सानी नहीं था। फ़िल्म 'पैग़ाम' का 'इंसान का इंसान से हो भाईचारा...' और फ़िल्म 'संबंध' का 'चल अकेला चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा....' ऐसे ही कुछ नग़में हैं, जिनके ज़रिए उन्होंने समाज को एक पैग़ाम देने की कोशिश की। यह गाने आज भी अंधेरे में हमें एक नई राह दिखलाते हैं।

कवि प्रदीप ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। अपने कॉलेज के दिनों में वह आनंद भवन के नज़दीक रहते थे। पं. जवाहरलाल नेहरू का घर होने की वजह से यह स्थान उस वक्त सियासत का मरक़ज था। जहां आए दिन सियासी बैठकें होती रहतीं। नौजवान रामचन्द्र नारायण द्विवेदी भी इनमें शामिल होते। उन्हें बचपन से ही लिखने का भी बड़ा शौक़ था। साहित्यिक दिलचस्पी बढ़ी, तो गीत-कविताएं लिखने लगे। इलाहाबाद के साहित्यिक वातावरण ने उनके इस शौक़ को और बढ़ाया। वह कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे और उन्होंने अपना उपनाम 'प्रदीप' रख लिया। अपने उत्कृष्ट लेखन और सुरीली आवाज़ से वह थोड़े से ही अरसे में साहित्यिक जगत में लोकप्रिय हो गए। यहां तक कि महाकवि निराला भी उनके गीत-कविताओं की तारीफ़ करने से अपने आप को नहीं रोक पाए। कवि प्रदीप फ़िल्मों में कैसे आए ?, इसका मुख्तर सा क़िस्सा कुछ इस तरह से है, एक बार वह कवि सम्मेलन के लिए मुंबई गए, तो उनकी मुलाक़ात 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े निर्देशक एनआर आचार्य से हुई। उन्होंने प्रदीप को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु रॉय से मिलवाया। उन्होंने प्रदीप को अपनी फ़िल्म 'कंगन' के लिए साइन कर लिया। हर महीने उनकी तनख़्वाह 200 रुपए मुक़र्रर की गई। ज़ाहिर है वह इस नौकरी के वास्ते मुम्बई में ही शिफ्ट हो गए। बतौर गीतकार प्रदीप ने इस फ़िल्म में चार गाने लिखे और इनमें से तीन को अपनी आवाज़ भी दी। साल 1939 में आई इस फ़िल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिल्वर जुबली मनाई। फ़िल्म में उनके लिखे गीत 'हवा तुम धीरे बहो...', 'हम आज़ाद परिंदों को..' खूब लोकप्रिय हुए।

'कंगन' फ़िल्म की कामयाबी के बाद गीतकार प्रदीप 'बॉम्बे टॉकीज' का अभिन्न हिस्सा हो गए। बाद में 'बॉम्बे टॉकीज' की ही फ़िल्म 'बंधन', 'पुनर्मिलन', 'झूला', 'नया संसार' और 'किस्मत' में भी उन्होंने गाने लिखे। अपने गानों की वज़ह से इन फ़िल्मों ने एक नया इतिहास रचा। यह वह दौर था, जब देश में चारों और 'भारत छोड़ो आंदोलन' की गूंज थी। प्रदीप के लिखे गीत 'दूर हटो ऐ दुनियावालों हिंदुस्तान हमारा है' ने उन्हें बड़ा गीतकार बना दिया। 'भारत छोड़ो आंदोलन' में ये गीत सत्याग्रहियों के लिए एक नारा बन गया था। फ़िल्म 'किस्मत' के बाक़ी गीत भी सुपर हिट साबित हुए। ख़ास तौर से 'धीरे-धीरे आ रे बादल...', 'पपीहा रे मेरे पिया से', 'अब तेरे सिवा कौन मेरा..' गानों ने देश के घर-घर में धूम मचा दी। अपने गीत-संगीत की वज़ह से ही 'किस्मत' देश की पहली गोल्डन जुबली फ़िल्म बनी। फिल्म 'पैग़ाम' में प्रदीप ने अलग ही रंग के गीत लिखे। ख़ास तौर पर 'ओ अमीरों के परमेश्वर'। इस गाने के ज़रिए उन्होंने अमीरों की दुनिया में ग़रीबों की परेशानियों को बड़े ही संवेदनशीलता से दिखलाया है, ''ऐसा लगता ग़रीबों के जग में/आज रख़वाला कोई नहीं/ऐसा लगता के दुखियों के आंसू/पोछने वाला कोई नहीं/ओ अमीरों के परमेश्वर।''

गीतकार प्रदीप ने इकहत्तर फ़िल्मों में तक़रीबन सत्रह सौ गाने लिखे। साल 1958 में एचएमवी ने उनकी तेरह कविताओं से सजा एक एलबम 'राष्ट्रकवि' निकाला। प्रदीप वैसे तो कई पुरस्कार-सम्मानों से नवाज़े गए। साल 1961 में उन्हें 'संगीत नाटक अकेदमी अवार्ड' तो साल 1997 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान 'दादा साहेब फ़ाल्के सम्मान' से नवाज़ा गया। मध्य प्रदेश जहां प्रदीप ने जन्म लिया, यहां की सरकार ने उनकी स्मृति में 'राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान' स्थापित किया है। जो हर साल किसी गीतकार को दिया जाता है। 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' और 'संत ज्ञानेश्वर सम्मान' से भी वह सम्मानित किए गए, लेकिन देश की सरकारों ने उन्हें अपने सबसे बड़े नागरिक सम्मानों 'पद्मश्री', 'पद्म भूषण' आदि के क़ाबिल नहीं समझा। जबकि उनसे कई दर्जे जूनियर और कम प्रतिभावान लोगों को इन सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। आज भले ही गीतकार प्रदीप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने देशभक्ति गीतों की वज़ह से हमेशा अमर रहेंगे। देशवासी उन्हें कभी भुला नहीं पाएंगे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> *"साल 1954 में आई फ़िल्म 'नास्तिक' के गीतों से प्रदीप को धार्मिक गीतकार के तौर पर नई पहचान मिली। इस फ़िल्म में उन्होंने न सिर्फ़ गीत लिखे, बल्कि उन्हें गाया भी। साल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान कवि प्रदीप ने सैनिकों की शहादत और उनके सम्मान में 'ऐ मेरे वतन के लोगों....' लिखा। इस गाने को पूरे देश में क्या मक़बूलियत मिली, अब यह एक इतिहास है।"*

## व्यंग्य

# सिंहासन बत्तीसी



एकता शर्मा
व्यंग्यकार

अगला स्टेशन सिविल लाइंस है दरवाजे बाईं ओर खुलेंगे। यात्रीगण कृपया ध्यान दें। अपने जीवन और जीविका की सुरक्षा व व्यवस्था स्वयं करें। अन्यथा अगला स्टेशन जयपुर जंक्शन है । वहां से अपनी टिकट कटवाए और तुरंत इस अशांत प्रदेश से रफा दफा हो जाए। राज्य अब इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। अब राज्य शास्त्रों और प्लेटो के आदर्शवादी सिद्धांत पर कार्य नहीं करता ना ही अब वह कार्ल मार्क्स के समझौता सिद्धांत पर ही कार्य करता हैं।अब वह सोशल मीडिया और शस्त्रों के सिद्धांत पर कार्य करता है। अतः अपना निर्णय विवेक से ले।अन्यथा अपने अनिष्ट के भागीदार स्वयं होगें। क्या यह स्वप्न है? तभी घबरा कर मैडम ने पानी पिया और फिर से सोने की कोशिश की। लेकिन यह क्याइस बार सपने मे 'सिंहासन बत्तीसी' आई और पूछने लगी । इस बार कौन बनेगा सीएम?

वह नींद में ही बुदबुदाई। पक्ष -विपक्ष, निर्दलीय सब कोई संकट में पूछत नहीं कोई। चुनाव संपन्न हुए अब भाई। घर पर जाने की करो तैयारी। शहरों में है अब अशांति छाई फायर ब्रिगेड दौड़ रही है ,भाई।

तो हे पार्थ तुम भी सुनो, अब धैर्य धारण करो। तुमने अपने वोट की आहुति दे डाली। अब 5 साल विश्राम करो। जाते-जाते यह भी सुन जाओ। तुम्हारा मत निष्काम कर्म योग था। यह तुम्हारा स्वधर्म है। लेकिन इसके बदले सर्वधर्म समभाव, स्थितप्रज्ञ, लोकहित वरदान में मत मांगना। और हां भूल कर भी महंगाई, मुद्रास्फीति का तो सवाल भी मत दांगना।

देखो इंद्रदेव भी अब प्रसन्न हुए बारिश की झड़ी लगा डाली।

मां कहती थी यह शुभ संकेत होता है। रिश्तो के गठबंधन का, आज पता चला। यह तो राजनीति पर भी लागू होता है।

साधकों के मन में मोक्ष रूपी साध्य पूर्ति की परम इच्छा, नहीं, अब सत्ता पूर्ति की इच्छा, उछाल खाने लगी।

कौन बनेगा सीएम? सबको यही बात सताने लगी । तुम अब यहां इंतजार ना करो जलवायु की परिभाषा मौसम में बदलने वाली है। अर्हता, आचार संहिता का चुनाव में आचार डल गया। अब आवले के मुरब्बे तैयार करने का मौसम आ गया। हाँ, अब कहीं उपहारों की अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि आने वाली है। थोड़े दिन पहले जो रेवड़ी में संतुष्ट थे। वे अब तिलकुट्टा खाएंगे। बाकी के समर्थक तिल के लड्डु ड्राई फ्रूट्स डालकर बनवाएंगे। वैसे शहर की गजल भी है मजेदार।

देखते हैं सी एम की कुर्सी किसे मिलती है यार?

सुना है गुलाबी शहर में परिवर्तन की लहर दौड़ेगी। सबसे पहले इलाकों के नाम पर भी गाज गिरेगी। हसनपुरा को हरिपुरा में बदला जाएगा। यह सुन एक लेखिका मैडम ने पूछा फिर क्या मेरे उपन्यास हसनपुरा को भी हरिपुरा करना पड़ेगा?

कितनी बिकी हुई कॉपी में फिर से सुधार करना पड़ेगा?

तभी दूसरे ने कहा आप चिंतित ना हो यह दूसरा हसनपुरा है। सोशल मीडिया का जिस पर खूब प्रचार-प्रसार हो रहा है। तभी दो- चार कदम पर बैठे हटवाड़ा ने भी नाम बदलने के लिए हमीर हट कर डाला। थोड़ा आगे बढ़े तो हाथोज और उसका मुंह बोला दूर बैठा भाई हरमाड़ा भी चिल्लाया।

बोले हम क्या मोरडी के बाठ्ठे मारे हुए है?

या कर रहे हो किसी प्रबल दावेदार का यहां से इंतजार ? उधर सीएम का सिंहासन रूखी हंसी मुस्कुराया।

बोला , काश मैं भी विक्रमादित्य का सिंहासन बत्तीसी होता! फिर जो अयोग्य उम्मीदवार होता। उसकी बत्तीसी मैं तोड़ता।

पड़ोस में बैठी स्पीकर की कुर्सी तपाक से बोली। गुस्सा मत करो, इनके पास तो उसका भी जुगाड़ होता, भाई । यही तो राजनीति का है कमाल। कमाल लिखो तो भी हाथों से पहले गूगल स्पीकर कमल समझता है भाई। थक कर हमने हाथों को कीबोर्ड पर उतारा।

अफसोस! फिर भी कोई काम ना आया। आखिर में उसने मत पत्र पर नोटा ही दबाया।

## नॉलेज कॉर्नर: ड्रैगन ने तैयार की दुनिया की सबसे गहरी लैब

# अनसुलझे रहस्यों पता लगाएगा चीन

चीन ने दुनिया की सबसे गहरी और बड़ी अंडरग्राउंड लैब तैयार कर ली है। चीनी वैज्ञानिकों ने इस लैब में काम करना भी शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन के दक्षिणी-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में 2400 मीटर गहरी लैब तैयार की गई है। दावा किया गया है कि यह लैब कई ऐसे राज खोलेगी जो अभी भी वैज्ञानिकों की नजर में रहस्य बने हुए हैं। चीन की नजर चांद पर भी है। रूस और चीन पहले ही चांद पर अपना बेस बनाने की बात कह चुके हैं। ऐसे में सवाल है कि नई लैब से चीन क्या-क्या नए काम करने की तैयारी में है और इतनी गहराई में लैब बनाने की नौबत क्यों आई।

### अल्ट्रा लो रेडिएशन बैकग्राउंड की सुविधा

गहरी होने के साथ लैब में अल्ट्रा लो रेडिएशन बैकग्राउंड की भी सुविधा है। चीनी वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर लम्बे समय से रहस्य बना हुआ है। इसकी बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। नई लैब डार्क मैटर से जुड़े सवालों के जवाब देने में मदद करेगी। इसे जिनपिंग लैब नाम दिया गया है। डार्क मैटर क्या है, अब इसे भी समझ लेते हैं। दरअसल, इसे देखा नहीं जा सकता। डार्क मैटर वाले हिस्से में न तो किसी तरह की एनर्जी है और न ही प्रकाश। इसलिए इसका पता लगाना मुश्किल है। अब चीनी वैज्ञानिक इससे जुड़ सवालों के जवाब ढूंढकर इतिहास रचना चाहते हैं। हालांकि, यह इतना आसान नहीं है। लेकिन उनका दावा है कि चीन में इसकी खोज करना दुनिया के दूसरे हिस्से के मुकाबले थोड़ा ज्यादा आसान है।



### डार्क मैटर से जुड़े सवालों के जवाब

चीन की इस अंडरग्राउंड लैब के पहले चरण का काम 2010 में पूरा हो गया था, लेकिन इसे अब पूरी तरह से काम करने लायक बनाया जा सका है। ऐसे में सवाल उठता है कि डार्क मैटर से जुड़े सवालों के जवाब जानने के लिए इतनी गहरी लैब क्यों खोदी गई है। चीनी वैज्ञानिकों ने इसका जवाब दिया है। चीनी न्यूज एजेंसी को दिए जवाब में लैब के वैज्ञानिकों का कहना है कि हम जितनी गहराई में जाएंगे वहां उतनी ही कॉस्मिक किरणों को रोक सकेंगे। इस तरह वैज्ञानिकों ने गहराई में बनी लैब को डार्क मैटर पता लगने के लिए सबसे बेहतर माना गया है। वैज्ञानिकों ने इसे आदर्श अल्ट्रा क्लीन जगह बताया है।

### दुनिया में सबसे बेहतर लैब

*चीनी मीडिया में यह भी कहा गया है डार्क मैटर में नई तरह की खोज करने के लिए पूरी दुनिया में चीन से बेहतर जगह नहीं है। इसलिए इससे जुड़े नए जवाबों के मिलने की उम्मीद ज्यादा है। वहीं, वैज्ञानिकों का कहना है, डार्क मैटर का पता लगाने के लिए जो सुविधाएं इस लैब में दी गई हैं, वो और कहीं नहीं हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**अमित शाह**, गृह मंत्री
@AmitShah
कांग्रेस के सांसद के घर से ₹250 करोड़ से अधिक कैश मिला। मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत कठोर हैं। चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा।



**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
चाल शतरंज में अच्छी लगती है, रिश्तों में नहीं

### साहू से जुड़े परिसरों से मिली नकदी 300 करोड़ के पार: कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान, वार-पलटवार

# कांग्रेस ने साहू से स्पष्टीकरण मांगा, पर निजी मामला बता पल्ला झाड़ा

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ रांची

कांग्रेस सांसद धीरज साहू से जुड़े परिसरों से बड़ी मात्रा में मिली नकदी को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार किया है। वहीं, कांग्रेस ने पलटवार करते हुए भाजपा को घेरा है। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि साहू से उनसे जुड़े परिसरों से मिली नकदी पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। दूसरी ओर साहू के ठिकानों से बरामद नकदी अब तक 300 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई हैं। फिलहाल नोटों की गिनती जारी है और यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, वह कांग्रेस के सांसद हैं।

उन्हें आधिकारिक बयान देकर बताना चाहिए कि इतनी बड़ी राशि उनके पास कैसे आई। उन्होंने कहा, पार्टी का रुख स्पष्ट है कि यह धीरज साहू का निजी मामला है जिसका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। आयकर विभाग ने छापेमारी और बरामदगी को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन जिस तरह से पार्टी से जोड़कर आरोप लगाये जा रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पांडेय ने आरोप लगाया कि देश में विपक्षी दलों को बदनाम करने की साजिश की जा रही है।



### चुप क्यों हैं राहुल गांधी: किशन रेड्डी

केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि वह साहू से कथित तौर पर जुड़े परिसरों में आयकर विभाग की हालिया छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपए जब्त होने पर चुप क्यों हैं। रेड्डी ने हैदराबाद में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संदेह जताया कि छापेमारी के दौरान जब्त किया गया धन आगामी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल के लिए रखा गया होगा। उन्होंने साहू को "काले धन का हीरो" बताया और कहा कि वह (राहुल) गांधी के करीबी हैं और उन्होंने पिछले साल कांग्रेस नेता की भारत जोड़ो यात्रा की सभी जरूरतें पूरी की थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने किस तरह देश को लूटा है, यह उसकी एक मिसाल है। हम मांग करते हैं कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जनता को स्पष्टीकरण दें कि पार्टी ने उन्हें तीन बार राज्यसभा सदस्य क्यों बनाया।

### क्या है मामला

ओडिशा स्थित बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी में अब तक भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। उनके मुताबिक छापेमारी के दौरान साहू से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली गई। जब्त की गई रकम 290 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

### कांग्रेस को निशाना बना रही केंद्र सरकार

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह केवल कांग्रेस को निशाना बना रही है। उन्हें भाजपा नेताओं के खिलाफ भी छापे मारने चाहिए। अगर भाजपा के लोगों के परिसरों में छापा मारा जाए तो भारी मात्रा में नकदी मिलेगी। सिद्धरमैया ने बेंगलुरु में पत्रकारों से कहा, जिसने भी काला धन जमा किया है, वह आयकर अधिनियम के मुताबिक गलत है। आयकर विभाग को कानून के मुताबिक कार्रवाई करनी चाहिए।

### प्रियंका हिमाचल पहुंचीं, आज जाएंगी धर्मशाला



**शिमला।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को हिमाचल प्रदेश पहुंची। वह यहां राज्य की कांग्रेस सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर 11 दिसंबर को धर्मशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। प्रियंका के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी धर्मशाला जाएंगे। अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के भी कार्यक्रम में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इस बीच, मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सोमवार को सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का फैसला किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इससे पहले सरकार गठन के एक साल पूरे होने का जश्न मनाने का फैसला करने के लिए कांग्रेस सरकार की निंदा की थी।

### कर्नाटक में गिर सकती है कांग्रेस सरकार: कुमारस्वामी

**हासन (कर्नाटक)।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक प्रभावशाली मंत्री केंद्र द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामलों से बचना चाहते हैं, जिसके कारण वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने दावा किया कि मंत्री '50 से 60 विधायकों' के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं और वह वर्तमान में भाजपा के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। मुझे नहीं पता कि यह सरकार कब गिर जाएगी। एक प्रभावशाली मंत्री अपने खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिए बेताब हैं। केंद्र ने उनके खिलाफ ऐसे मामले दर्ज किए हैं, जिनसे बच निकलने की कोई संभावना नहीं है।

### साय को 'बड़ा आदमी' बनाने का वादा निभाया भाजपा ने

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, जनता से किए चुनावी वादे पूरे करेंगे हम: साय

**एजेंसी** | रायपुर

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को राज्य का मुख्यमंत्री नामित कर वहां के लोगों से चुनाव पूर्व अप्रत्यक्ष रूप से किया गया एक वादा पूरा कर दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले महीने कुनकुरी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से साय को विधायक चुनने का आग्रह किया था और वादा किया था कि अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो साय को "बड़ा आदमी" बना दिया जाएगा। अब साय राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद साय ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, गत पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के 18 लाख लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित थे। इन लाभार्थियों के लिए 18 लाख घरों को मंजूरी देना राज्य में पहला काम होगा। उन्होंने कहा, 25 दिसंबर को, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर, दो वर्षों के लिए धान खरीद का बोनस, जो पिछली भाजपा सरकार (2013-2018) के दौरान लंबित था, किसानों को दिया जाएगा।



### क्यों बंधा सीएम पद का सेहरा

- राज्य की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी
- आदिवासी ओबीसी के बाद राज्य का दूसरा सबसे प्रभावशाली समूह
- भाजपा ने सरगुजा संभाग के सभी 14 क्षेत्रों में जीत हासिल की ।(साय सरगुजा संभाग की कुनकुरी सीट से विधायक चुने गए हैं)
- जनजाति के लिए 29 सीटें आरक्षित। भाजपा ने 17 जीती।
- पार्टी की अब लोकसभा चुनाव पर नजर

### राज्य के चौथे मुख्यमंत्री होंगे साय

- वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन
- 2000 से 2003 तक अजीत जोगी रहे सीएम
- 2003 से 2018 तक रमन सिंह तीन कार्यकाल तक रहे सीएम
- 2018 से 2023 भूपेश बघेल रहे मुख्यमंत्री। कांग्रेस नीत सरकार का नेतृत्व किया। अब साय की बारी।

### बघेल ने दी साय को बधाई दी

निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को विष्णुदेव साय को राज्य में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी। बघेल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है, कुनकुरी विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु देव साय को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। नवा (नए) छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएं, ऐसी कामना करता हूं।

### बंगाल की बकाया राशि जारी करें या कुर्सी छोड़ें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को केंद्र पर पश्चिम बंगाल का 1.15 लाख करोड़ रुपए का बकाया होने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार को या तो बकाया राशि जारी करनी चाहिए या वह कुर्सी छोड़ दे। बनर्जी ने यह भी कहा कि उन्होंने राज्य का बकाया जारी करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। मुख्यमंत्री ने अलीपुरद्वार में एक सार्वजनिक बैठक में कहा, मैं दिल्ली जाऊंगी। कुछ सांसद भी वहां साथ रहेंगे। मैंने हमारी बकाया राशि जारी करने को लेकर 18 से 20 दिसंबर के बीच प्रधानमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा है। 1.15 लाख करोड़ रुपए की बकाया राशि मांगी जाएगी। बनर्जी उन्होंने दावा किया कि यदि केंद्र राज्य की बकाया राशि जारी कर देता तो उनकी सरकार कल्याणकारी योजनाओं के तहत और लोगों को शामिल कर सकती थी।

### आज तय होगा कौन बनेगा एमपी का सीएम

# पटेल की पटेलाई...शिव का राज या कोई और संभालेगा ताज



### ■ बैठक से पहले कैलाश विजयवर्गीय की शिवराज सिंह से मुलाकात

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री को लेकर पिछले एक सप्ताह से जारी सस्पेंस सोमवार को विधायक दल की बैठक में समाप्त होने की उम्मीद है।

बैठक शाम चार बजे मध्य प्रदेश भाजपा कार्यालय में होगी जिसमें नेता का चुनाव होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर ,ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि नेता मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं।

इस बीच, विधायक दल की प्रस्तावित बैठक से पहले रविवार को कैलाश विजयवर्गीय ने सीएम चौहान से मुलाकात की जिसको लेकर अटकलें बढ़ गई हैं। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत तीनों केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहेंगे। पर्यवेक्षक सोमवार सुबह आएंगे। भाजपा से निर्वाचित सभी 163 विधायकों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। इसमें अधिकतर विधायक भोपाल पहुंच चुके हैं। बाकी भी सोमवार सुबह तक आ जाएंगे। बैठक में सभी विधायकों की राय लेने के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होगी।

चुनाव परिणामों में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद से ही मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। विधानसभा चुनाव जीते कई बड़े नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट की।

### लोकसभा चुनाव से पहले बसपा प्रमुख का बड़ा कदम

# भतीजा होगा मायावती का उत्तराधिकारी

**एजेंसी** | लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने आए कई पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। बैठक में देश भर के पार्टी नेता मौजूद थे। बसपा के विधान परिषद सदस्य भीम राव अंबेडकर ने भी इस घोषणा की पुष्टि की। हालांकि, पार्टी के आधिकारिक बयान में ऐसी किसी घोषणा का उल्लेख नहीं किया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आकाश आनंद खुद को बाबा साहब के विजन का युवा समर्थक कहते हैं। अंबेडकर ने कहा, हमें आकाश आनंद के रूप में एक युवा नेता मिला है। जिस राज्य में पार्टी संगठन कमजोर है, वहां आनंद पार्टी को मजबूत करेंगे। वह 2017 से बसपा के साथ जुड़े हुए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आगरा में एक रैली को संबोधित किया था।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पालने कहा, पूरा बहुजन समाज खुश है। आकाश आनंद ने लंदन से एमबीए कर रखा है।



### लोकसभा चुनाव के लिए दोगुनी मेहनत का आह्वान

मायावती ने गरीबों, पिछड़ों और वंचित समाज को 'वोट हमारा, राज तुम्हारा' की शोषणकारी व्यवस्था से मुक्ति दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में दोगुनी मेहनत कर पार्टी का जनाधार बढ़ाने का आह्वान किया है। मायावती लोकसभा चुनाव की तैयारी के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश दिए। मायावती ने किसी भी चुनावी गठबंधन में शामिल नहीं होने का फैसला दोहराते हुए कहा कि ऐसा कोई भी अनुभव बहुजन आंदोलन के हित में बहुत ही कड़वा और खराब रहा है।



## जरूरी खबर

### नीतीश ने शाह से की बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की अपनी पुरानी मांग एक बार फिर दोहराया। शाह की अध्यक्षता में यहां पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में सर्वसम्मति से कराए गए जाति आधारित गणना के आंकड़ों के आधार पर समाज के सभी कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण में इनकी भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया गया था जिसमें सभी भाजपा समेत विभिन्न पार्टियों की सहमति थी। उन्होंने कहा, राज्य में आरक्षण की सीमा को 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है।

### 3,640 मीटर ऊंचाई पर पहुंचा बंगाल टाइगर

**गंगटोक।** सिक्किम के पंगालोखा वन्यजीव अभयारण्य में 3,640 मीटर की ऊंचाई पर एक रॉयल बंगाल टाइगर देखा गया। पंगालोखा वन्यजीव अभयारण्य सिक्किम, बंगाल और भूटान के बीच स्थित है और 128 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह सिक्किम का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है। अधिकारियों ने बताया कि रॉयल बंगाल टाइगर सिक्किम वन विभाग के सहयोग से अभयारण्य में अध्ययन कर रही बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी की टीम के कैमरों में दिखा। बीएनएचएस टीम ने दावा किया कि यह पहली बार है जब किसी बाघ को 3,640 मीटर (11,942 फीट) की ऊंचाई पर देखा गया है।

### विकसित भारत @2047 पर आज होगा संवाद

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सरकार युवाओं से सुझाव मांगेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। विकसित भारत के बारे में पीएम युवाओं के विचार जानने के लिए 700 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की देशभर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक लगभग 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक दृष्टि-पत्र तैयार किया जा रहा है।

## केन्या पहुंचा भारतीय पोत आईएनएस सुमेधा



*नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस सुमेधा शनिवार को केन्या के लामू बंदरगाह पहुंचा। केन्या के इस नव विकसित बंदरगाह की किसी भारतीय पोत की यह पहली यात्रा है। पोत पर मौजूद भारत और केन्या के सैन्यकर्मी।*

### ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक 16 को भारत आएंगे



**नई दिल्ली।** ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए भविष्य में सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए राजकीय यात्रा पर 16 दिसंबर को भारत आएंगे। यह भारत की उनकी पहली यात्रा होगी। यह इज़राइल-हमास संघर्ष भड़कने के बाद खाड़ी क्षेत्र के किसी शीर्ष नेता की पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा, सुल्तान हैथम बिन तारिक की यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में मील का पत्थर है। मंत्रालय के अनुसार, ओमान के शीर्ष नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर भारत की यात्रा कर रहे हैं। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला रखा था सुरक्षित

# अनुच्छेद 370 मामले में फैसला आज, कश्मीर में कड़ी सुरक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। दूसरी ओर कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि घाटी में हर परिस्थिति में शांति बनी रहे। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों-जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित कर दिया था।



न्यायालय सरकार के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 11 दिसंबर की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 10 जिलों में की सुरक्षा की समीक्षा

कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वी के बिरदी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि घाटी में हर परिस्थिति में शांति बनी रहे। बिरदी ने पिछले दो हफ्ते में घाटी के 10 जिलों में से अधिकतर में सुरक्षा समीक्षा बैठकें कीं। उन्होंने कहा, हम सभी सावधानियां बरत रहे हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कश्मीर में शांति भंग न हो।

### नहीं करेंगे शांतिभंग: उमर अब्दुल्ला

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने रविवार को श्रीनगर में कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों की बहाली के लिए संविधान के अनुरूप शांतिपूर्ण तरीके से लड़ाई जारी रखेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के प्रतिकूल फैसले की स्थिति में भी उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर में शांति भंग नहीं करेगी। उमर ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय को फैसला देना है। फैसला देने दीजिए। अगर हमें स्थिति बिगाड़नी होती तो हमने 2019 के बाद ही ऐसा किया होता। हम अपने अधिकारों की रक्षा और अपनी पहचान को सुरक्षित रखने के लिए संविधान और कानून की मदद ले रहे हैं।

### विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक 19 को

# 'मैं नहीं, हम' के नारे के साथ अब बढ़ेंगे आगे

एजेंसी | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की राष्ट्रीय राजधानी में 19 दिसंबर को होने वाली अगली बैठक में एक मुख्य सकारात्मक एजेंडा बनाना, सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम पर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए ''मैं नहीं, हम'' नारे के साथ आगे बढ़ने का है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 को अपराह्न तीन बजे नयी दिल्ली में होगी। यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में



होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटियों में विश्वास जताया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के समक्ष अब चुनौती अगले आम चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ सामने आने की है। चुनाव नतीजे उन मुद्दों की अस्वीकृति नहीं हैं, जो इस चुनाव प्रचार अभियान में उठाए गए थे। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि पार्टी 2024 में भाजपा से मुकाबला करने के लिए लीक से हटकर सोचेगी।

### वैष्णव संस्कृति केंद्रों में जमीन बिक्री पर रोक की तैयारी

# 'संदिग्ध विदेशियों' को जमीन न बेचें असम के लोग: CM सरमा

एजेंसी | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को असमिया लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी आबादी की संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए किसी भी "संदिग्ध विदेशी" को अपनी जमीन न बेचें। सरमा ने किसी भी समुदाय की प्रगति के लिए वित्तीय विकास के महत्व पर जोर देते हुए लोगों, विशेषकर युवाओं से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का आग्रह किया। गुवाहाटी के बोरागांव में



असम आंदोलन के शहीदों की याद में मनाए गए 'स्वाहिद दिवस' कार्यक्रम में सरमा ने कहा, मेरा मानना है कि अगर हर असमवासी अपनी जमीन किसी संदिग्ध विदेशी को नहीं बेचने की प्रतिज्ञा करें, तो हमारी 'जाति' सुरक्षित रहेगी। कुछ परिवार आर्थिक लाभ के लिए अपनी ज़मीन बेच देते हैं, लेकिन कई परिवारों को पैसे की ज़रूरत भी नहीं होती है और फिर भी वे इसे संदिग्ध विदेशियों को बेच देते हैं।

सरमा ने कहा कि राज्य सरकार वैष्णव संस्कृति के केंद्र माजुली, बारपेटा और बटाद्रवा जैसी जगहों पर ''बाहरी लोगों'' को जमीन की बिक्री पर रोक लगाने वाला कानून लाएगी।

### 17 जनवरी को निकलेगी भगवान राम की झांकी

**अयोध्या।** सप्ताह भर चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या में अगले वर्ष 17 जनवरी को भगवान राम की एक झांकी निकाली जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को प्रस्तावित है। इस झांकी में भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास तक की तस्वीरें, लंका पर विजय और अयोध्या वापसी की झलक देखने को मिलेगी। यह शोभा यात्रा सप्ताह भर चलने वाले समारोह की औपचारिक शुरुआत है। शिल्पकार रंजीत मंडल ने कहा, इन प्रतिमाओं को तैयार करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में नक्काशी



*अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से जारी है। मंदिर के भीतर नक्काशी का काम करते कारीगर।*

### मानवाधिकार दिवस

# जेबों को नहीं, मानवीय मस्तिष्क को सशक्त करने की जरूरत: धनखड़

## मुफ्त उपहार की राजनीति खर्च संबंधी प्राथमिकताओं को कर देती है विकृत

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि समाज में जिस तथाकथित मुफ्त उपहार की ''अंधी दौड़'' देखने को मिल रही है, उसकी राजनीति खर्च करने संबंधी प्राथमिकताओं को विकृत कर देती है।

उन्होंने इस बार पर जोर दिया कि जरूरत जेबों को नहीं, बल्कि मानवीय मस्तिष्क को सशक्त करने की है। धनखड़ ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा 'भारत मंडपम' में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



कहा कि दुनिया का कोई भी हिस्सा हमारे देश की तरह मानवाधिकारों से इतना समृद्ध नहीं है। इस अवसर पर मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। धनखड़ ने कहा, यह एक संयोग है कि 75वीं वर्षगांठ हमारे अमृत काल के बाद आई है और हमारा 'अमृत काल' मुख्यतः मानवाधिकारों और मूल्यों के फलने-फूलने के कारण हमारा 'गौरव काल' बन गया है।

भारत में संयुक्त राष्ट्र के स्थानिक समन्वयक शोम्बी शार्प भी मंच पर उपस्थित थे। शार्प ने अपने संबोधन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का संदेश पढ़ा।

### कुछ वैश्विक संस्थाओं ने भारत के साथ किया अनुचित व्यवहार

धनखड़ ने कहा कि कुछ वैश्विक संस्थाओं ने भारत के साथ सर्वाधिक अनुचित व्यवहार किया है क्योंकि उन्होंने इसके प्रदर्शन का गहन अवलोकन नहीं किया है। उन्होंने उनसे देश में 'शासन में हुए बड़े बदलाव' पर ध्यान देने का भी आग्रह किया। उनकी यह टिप्पणी अक्टूबर में जारी 'वैश्विक भूख सूचकांक-2023' में 125 देशों में भारत के 111वें स्थान पर रहने की पृष्ठभूमि में आई। धनखड़ ने कहा, हमें हानिकारक आख्यानों और बाहरी आशंकाओं के प्रति सचेत रहने की जरूरत है जो हमारे अनुकरणीय प्रदर्शन को नजरअंदाज कर देते हैं। वह इस बात से हैरान हैं कि 1.4 अरब की आबादी वाले देश के बारे में लोग 'भूख संकट' को लेकर बात करने लगते हैं।

### आतंकवादियों से सहानुभूति रखना मानवाधिकारों के प्रति बड़ा अन्याय: मिश्रा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि आतंकवाद पूरे विश्व में नागरिकों के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन करता है और आतंकवादी कृत्यों एवं आतंकवादियों की अनदेखी करना या उनसे सहानुभूति रखना मानवाधिकारों के प्रति बड़ा अन्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों का नैतिक प्रभाव गंभीर चिंता का विषय है।

### कानून से ऊपर कोई नहीं

धनखड़ ने कहा, कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। चाहे आप कितने भी ऊंचे क्यों न हों, कानून हमेशा आपसे ऊपर होता है, यह देश में नया मानदंड है। यह एक चरम बदलाव है। एक समय था, जब कुछ लोग सोचते थे कि वे कानून से ऊपर हैं। एक समय था जब कुछ लोग सोचते थे कि वे कानून की पहुंच से परे हैं। अब, सभी उच्च और शक्तिशाली, भले ही वह कोई भी हो, कानून के प्रति जवाबदेह हैं।

**हिप-हिप हुर्रे:** कल्चरल प्रोग्राम के बीच युवाओं पर चला मैजिक शो का जादू

# रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज में सेलिब्रेट किया सच बेधड़क का फाउंडेशन डे

**सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने किया संबोधित**

बेधड़क | जयपुर

कल्चरल प्रोग्राम्स के बीच मैजिक शो का जादू युवाओं पर चला। मौका रहा रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज में कार्निवल हिप-हिप हुर्रे-2023 का, जिसकी शुरुआत रावत एजुकेशनल ग्रुप चेयरमैन बीएस रावत और मुख्य अतिथि सच बेधड़क के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने की। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया तो मैजिक शो, म्यूजिकल बैंड समेत कई रोचक प्रस्तुतियां हुईं।





सच बेधड़क के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के संबोधन के बाद स्टूडेंट्स में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई।



### अतिथियों ने काटा केक

कार्यक्रम में सच बेधड़क दैनिक हिंदी समाचार पत्र के 2 साल पूरे होने पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत और डायेक्टर नरेंद्र सिंह रावत समेत अथितियों ने केक काटकर सच बेधड़क का फाउंडेशन डे सेलिब्रेट किया।



फोटो: राजेश कुमावत

### देश के विकास में योगदान देने वालों को मानें आदर्श

इस मौके पर सच बेधड़क के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को संस्कृति और धर्म ग्रंथ से सीखना चाहिए। हीरो के रूप में फिल्मों के विलेन को छोड़कर धर्म, संस्कृति और देश के विकास में योगदान देने वाली हस्तियों को आदर्श मानना चाहिए। साथ ही पेरेंट्स को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि टेक्नोलॉजी के जमाने में बच्चे किस कंटेंट की तरफ जा रहे हैं। इस दौरान निर्मला रावत, हेमेंद्र रावत, अक्षय पात्र फाउंडेशन के सिद्ध स्वरूप दास, अक्षरधाम मंदिर के प्रभु दास आदि मौजूद रहे।

## कैंसर के बारे में किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** कैंसर विषय पर एक घुमक्कड़ी दिल से ग्रुप की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संदीप साहनी, संजय कौशिक, डॉक्टर करण पीपरे और मितेश कौशिक ने कैंसर विषय पर जानकारी दी एवं लोगों की शंकाओं का समाधान किया। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के द्वारा इस संबंध में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में जयपुर कला अंकुर कुटुंब के कलाकारों द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया। मनिला सिंह एवं रेखा शर्मा द्वारा कैंसर से अपनी लड़ाई के विषय में बताया गया। ऋषभ भरावा की लिखी किताब 'सागर माथा की ओर' का विमोचन किया गया।

## BP संतुलन के तरीके बताए



**बेधड़क. जयपुर।** अपेक्स हॉस्पिटल द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह में कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर श्रवण सिंह ने उच्च और निम्न रक्तचाप के प्रभाव और संतुलन के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि चलने से, खाना खाने के बाद बीपी बढ़ना एक आम बात है, इसमें डरने की जरूरत नहीं है। डॉ. सिंह ने तनाव प्रबंधन और हार्ट को मजबूत बनाने के तरीकों के बारे में बताया। चीफ गेस्ट के रूप में साधुमार्गी जैन सेवा समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल बेद, सुशील बेद और सेक्रेटरी जैन यूथ क्लब विशाल गोलछा ने इस पहल की प्रशंसा की। करते हुए अपने विचार प्रकट किए। इस आयोजन में अपेक्स हॉस्पिटल बीकानेर के सेंटर हेड डॉक्टर मेजर राजेश्वर भाटी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. गुरजीत कौर और सेल्स एंड मार्केटिंग हेड नवीन मुद्गल ने आगुंतुकों का स्वागत किया।

## बॉलीवुड स्टार्स ने जमाया रंग

**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी की शाम बॉलीवुड सितारों से आबाद हुई जयपुराइट्स ने उनके साथ पार्टी व कार्यक्रम को एंजॉय करते हुए खुशियां बिखेरीं। गुलाबी सर्दी में ये नजारा फाइनएकर्स और विंधम होटल्स और रिजॉर्ट्स कूकस में देखने को मिले। इस मौके पर प्रमुख बिजनेसमैन, ब्यूरोक्रेट्स, एंटरप्रिन्योर्स और इन्फ्लुएंसर्स के साथ ही बॉलीवुड एक्टर करण टैकर, एक्टर रजत बेदी, एक्ट्रेस मेघना नायडू, बिग बॉस फेम कृति वर्मा और इंडिया डान्सिंग सुपरस्टार फेम एमजे 5 ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश यादव, रीजनल मैनेजर आर्किटेचर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन यूरेशिया सूरज सहाई, हैड ऑफ डवलपमेंट शरद भार्गव, सेंट्रल ऑपरेशन्स कोर्डिनेटर रोमा मोंडल और सिलेब्रिटी आर्किटेक्ट बॉबी मुखर्जी ने विशेज दीं।

## City इवेंट्स

### एनडीए में चयन होने पर किया मोटिवेट



**बेधड़क, जयपुर।** टीम ब्राह्मण ऑफिसर्स समन्वय समिति व प्रबुद्ध विप्रजन ने दो जुड़वा भाई दिव्य व प्रणव (लव-कुश) का एनडीए में चयन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मोटिवेट किया। दिव्य (लव) ने पढ़ाई पूरी कर भारतीय आर्मी जॉइन की और गौरव पदक प्राप्त किया। वहीं, दिव्य ने आईएमए देहरादून से ट्रेनिंग पूरी की है और गोरखा राइफल्स को जॉइन किया है। दूसरी ओर इनके जुड़वा भाई प्रणव इंडियन मिलिट्री से ट्रेनिंग कर रहे हैं। पिता डॉ. अनुपम पारीक भी मिलिट्री में सीनियर डॉक्टर हैं। प्रबुद्ध विप्र समाज और टीम ब्राह्मण ऑफिसर्स के पूर्व कलक्टर मनोज शर्मा, जीपी शुक्ला, पूर्व आईजी लक्ष्मण गौर, जीएल शर्मा, पूर्व चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर नरेन्द्र गौड़, पूर्व पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा, योगेंद्र जोशी, योगेश खांडल, जितेश खांडल, आईएफए निदेशक शिक्षाविद डॉ. हेमलता शर्मा, समाजसेवी और उद्योगपति डॉ. आशीष गौड़, डॉ. अलका गौड़, आरएएस पंकज ओझा, राजेन्द्र शर्मा पूर्व आरएएस संजीव पांडे, विनोद पारीक, राजेन्द्र शर्मा, देवी शंकर तिवाड़ी, अनुराग शर्मा, प्रीति गौतम, यशदीप पाराशर, मोनू जगरिया, धर्मेश भारद्वाज, पूर्व एएसजी सुशील शर्मा, पूर्व जॉइंट कमिश्नर जी एस टी महेंद्र शर्मा, समाज सेवी रामगोपाल शर्मा, सुलभ शुक्ला, सुनील गौर, गब्बर कटारा, रमेश राजपुरोहित, सागर जोशी, पूर्व लॉ कॉलेज अध्यक्ष राहुल गौतम, सहायक प्रोफेसर आरती शर्मा, इंदु बाला शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दीं।

### अध्यक्ष तरुण, महासचिव राहुल बने



बेधड़क, जयपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संयुक्त कर्मचारी संघ के चुनावों में अध्यक्ष तरुण निर्मल, महासचिव राहुल अग्रवाल व मनजीत कोषाध्यक्ष पद पर विजयी हुए। चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा कार्यकारिणी का गठन के लिए उपवेशन रखा गया, जिसमें उपाध्यक्ष सुलभा, संगठन सचिव कृष्ण गोपाल, संयुक्त सचिव गोकुल राम, कार्यालय सचिव अरविंद झा, प्रचार सचिव विकास, उप कोषाध्यक्ष वैभव, विशेष कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राम, नरपत, भारत, केशव व लालचंद चुने गए। समस्त निर्वाचित व कार्यकारिणी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वह सदैव कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करते रहेंगे।

**हर साल आयोजन के वादे के साथ समापन**

## जयगढ़ फेस्ट में लोक प्रस्तुतियां और ढूंढाड़ कवि सम्मेलन के रंग



बेधड़क | जयपुर

जयगढ़ फोर्ट में आयोजित 2 दिवसीय 'द जयगढ़ फेस्टिवल' का उत्साह और उमंग से समापन हुआ तो कला व इतिहास प्रेमियों के साथ युवाओं ने हर साल ऐसे आयोजन करने की बात रखी। आयोजकों ने उनकी बात का सम्मान करते हुए हर साल इसे करने का एलान किया।

समापन समारोह की शुरुआत ढूंढाड़ी कवि सम्मेलन, लोक नृत्य प्रस्तुतियों और बांसुरी वादन के साथ हुई। इस अवसर पर सभी शिल्पकारों को स्मृति चिन्ह व कार्यशाला के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ढुंढाड़ी भाषा को प्रोत्साहन देने के उदेश्य से कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा काव्य पाठ की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा।

कवियों में गोपीनाथ गोपेश, कल्याण सिंह शेखावत, प्रह्लाद कुमावत, सुशीला शर्मा, किशोर पारीक, भगवान सहाय पारीक, रितेश शर्मा पथिक, भवानी सिंह राठौड़, आमना राजावत, वेद प्रकाश दाधीच, सुशील गुप्ता ने काव्य पाठ किया। आयोजन का संचालन शोभा चंदर ने किया।

साथ ही ढुंढाड़ी भाषा संगोष्ठी में साहित्यकार इतिहासकार जितेन्द्र सिंह ने जयगढ़ निर्माण पर प्रकाश डाला। वहीं बांसुरी वादन, घूमर सहित अन्य राजस्थानी लोक प्रस्तुतियां हुई। कार्यकारी ट्रस्टी एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय रमा दत्त और सिटी पैलेस के राजगुरु सुबोध चंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों, शिल्पकारों और कवियों का सम्मान किया।

**इंडिया से लेकर जापान की कला पर नजर**

## बिन्दु, आईना और हर्षिता की श्रेष्ठ कलाकृतियों में दिखा हुनर



बेधड़क | जयपुर

जब गुलाबी नगरी में विभिन्न शहरों से आए कलाकारों की बनाई कृतियों ने रंब बिखेरे तो हर आंख थम सी गई। अलग-अलग शहरों से भाग लेने आए कलाकारों की कृतियां भी दर्शनीय थीं। मौका रहा जयपुर में बरसों तक म्यूजियम विशेषज्ञ रहे इतिहासकार मोहन लाल गुप्ता विजयवर्गीय की याद में पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय स्मृति म्यूजियम में हुए 5 दिवसीय चित्रकार शिविर का, जिसमें कई शहरों के कलाकार शामिल हुए। दूरदर्शन के पूर्व निदेशक नंद भारद्वाज ने इन कृतियों को मौके पर देखकर श्रेष्ठ कृतियों का चुनाव किया, जबकि जापान के कलाकार मोरायामा ने ऑनलाइन कृतियों को देखकर श्रेष्ठ कृतियों का चुनाव किया। इसके अलावा युवा कलाकारों श्वेता विजयवर्गीय, प्रियंवदा, अनंत और वेदांत ने श्रेष्ठ कृतियों के प्रति अपनी राय दी।

सबकी मिलीजुली राय के आधार पर बिन्दु कुमारी की कृति को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रुपए की नगद राशि दी गई। आईना राजपुरोहित की कृति को दूसरे स्थान के रूप में साढ़े सात तथा हर्षिता सेनी की कृति को तीसरे स्थान के रूप में पांच हजार रुपए की राशि प्रदान की गई, जबकि महक भूरिया और प्रतीक्षा जैन को प्रोत्साहन के रूप में एक-एक हजार रुपए दिए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि नंद भारद्वाज, कार्यवाहक मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी फारूख आफरीदी तथा म्यूजियम के फाउंडर कमल विजयवर्गीय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**स्प्लेश-2023** | **चतुर्दिक कला दीर्घा में 3 दिवसीय कला उत्सव में कलाकारों ने भरे रंग**

# JKK को अपने-अपने अंदाज में उकेरा कैनवास पर

बेधड़क | जयपुर

अरबन स्कैच कला से जयपुराइट्स रूबरू हुए तो कई सवाल भी सामने आए, जिनके जवाब कलाकारों ने दिए। पेंटिंग्स ने भी अपनी बात स्वयं कही और कला का उत्सव चरम पर रहा। मौका रहा जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में चल रहे 3 दिवसीय कला उत्सव 'स्प्लेश-2023' में अरबन स्कैच कला के रंगों का।



### कैफे को ही कैनवास पर आकार देने में दिन बिताया

वहां स्कैच करते मेल्विन और करण ने रविवार को ही एग्जीबिशन में हिस्सा लिया था। कॉफी हाउस के बाहर बैठे दोनों कलाकारों ने कैफे को ही कैनवास पर आकार देने में दिन बिताया। वहीं, दूसरी ओर जेकेके की दीवारों पर बनी पेंटिंग्स का स्कैच बनाने में व्यस्त सूरत से आई ईशा ने कहा, कि बहुत अच्छा लग रहा है एग्जीबिशन का हिस्सा बनकर। यह पहला मौका है जब इस तरह किसी एग्जीबिशन का हिस्सा बनी हूं। अंत में 'स्प्लेश-2023' के संयोजक आर्किटेक्ट मितुल अग्रवाल ने कलाकारों को सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया।

### मुख्य द्वार की वास्तुकला को बनाया सृजन का माध्यम

कला के इस उत्सव में शामिल सभी कलाकारों ने जवाहर कला केंद्र की खूबसूरती को अपने-अपने अंदाज में कैनवास पर उकेरा। किसी ने जेकेके के मुख्य द्वार की वास्तुकला को तो किसी ने अलंकार दीर्घा और किसी ने वहां के डोम को अपने सृजन का माध्यम बनाया। एक तरह से पूरा जवाहर कला केन्द्र मानो कैनवास पर उतर आया हो।

कभी-कभी हमें उन लोगों से शिक्षा मिलती है, जिन्हें हम अभिमान वश अज्ञानी समझते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में तबाही का मंजर




## अमेरिका ने इजराइल को भेजे हथियार

# दक्षिणी गाजा में तेज हुई जंग

**एजेंसी** | राफा (गाजा पट्टी)

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में शनिवार रात से भारी लड़ाई जारी है। वहीं, इजराइली सेना उत्तरी गाजा में भारी विरोध का लगातार सामना कर रही है। गाजा में हमले ऐसे वक्त में बढ़ गए हैं जब अमेरिका ने लड़ाई रोकने के हालिया अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को बाधित कर दिया और अपने करीबी सहयोगी को और युद्ध सामग्री भेजी है। इसके बाद इजराइल ने अपना अभियान तेज कर दिया है।



हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या और गाजा की करीब 85 फीसदी आबादी के विस्थापन के बाद इजराइल को बढ़ते अंतरराष्ट्रीय रोष और संघर्ष विराम के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल, अमेरिका ने लड़ाई को खत्म करने के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल कर हाल के दिनों में इजराइल के अभियान में अहम सहयोग किया है। उसने इजराइल को 10 करोड़ डॉलर से अधिक के हथियार बेचे हैं। अमेरिका ने हमास को खत्म करने और सात अक्टूबर जैसे किसी हमले को दोहराने से बचने के इजराइल के लक्ष्य के प्रति अटूट समर्थन जताया है। इजराइली सेना उत्तरी गाजा में भारी विरोध का लगातार सामना कर रही है जहां हवाई हमले में सभी इमारतों को नेस्तनाबूद कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में इजराइली सेना खान यूनिस में घुसी थी। खान यूनिस के निवासियों ने कहा कि उन्होंने रातभर लगातार गोलीबारी और विस्फोट की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि लड़ाकू विमानों ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर में और उसके आसपास बमबारी की।

### ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दी धमकी

यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने धमकी दी है कि गाजा में भोजन और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति जब तक सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक वह लाल सागर और अरब सागर से इजराइली बंदरगाहों की ओर जाने वाले हर पोत को रोकेगा। हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताहों में लाल सागर में कई जहाजों पर हमला किया और इजराइल को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

### गाजा में मृतक संख्या 17,700 के पार हुई

**यरुशलम।** इजराइल-हमास युद्ध के कारण गाजा में 17,700 से अधिक लोग मारे गए। इसमें करीब दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है। इजराइल ने कहा कि सात अक्टूबर के हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हुई थी जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे और उसने 240 लोगों को बंधक बना लिया था।

## फ्रांस के युद्धपोत को यमन के ड्रोन ने मनाया निशाना

**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस ने रविवार को कहा कि लाल सागर में उसके एक युद्धपोत को यमन की ओर से आए दो ड्रोन ने निशाना बनाया। इसके बाद, दोनों ड्रोन को मार गिराया गया।

सैन्य मंत्रालय की ओर से जारी संक्षिप्त बयान में यह नहीं बताया गया कि शनिवार रात फ्रांसीसी नौसेना के लेंग्वेडोक पोत पर हमले के लिए ड्रोन किसने भेजे थे। बयान में कहा गया है कि ड्रोन एक-एक कर दो घंटे के अंतराल पर सीधे पोत की तरफ आए। युद्धपोत ने लाल सागर से लगभग 110 किमी की दूरी पर ये ड्रोन मार गिराए। बयान में यह नहीं बताया गया है कि ड्रोन को मार गिराने के लिए युद्धपोत से किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया। पोत लाल सागर में फ्रांसीसी नौसेना के एक मिशन पर था।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति हुए अर्जेंटीना के लिए रवाना

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर मिलाई के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुए। यूक्रेन के राष्ट्रपति की यह पहली लातिन अमेरिकी देश की यात्रा है। यह यात्रा रूस के साथ करीब दो साल से जारी युद्ध में यूक्रेन के लिए विकासशील देशों से समर्थन जुटाने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मिलाई को पश्चिमी देश का समर्थक माना जाता है और उन्होंने रूस और चीन के प्रति अविश्वास जताया था। जेलेंस्की ने उन्हें फोन कर बधाई दी थी और 'यूक्रेन का स्पष्ट रूप से समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया था।


## जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप ने खींची फोटो

# अंतरिक्ष में दुर्लभ गैलेक्सी की खोज

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा के वैज्ञानिकों ने जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के जरिए गहरे अंतरिक्ष में एक 'राक्षस' देखा है। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीन से मिली तस्वीर में धूल भरी आकाशगंगा दिखाई देती है, जिसमें हर साल सैकड़ों सितारों का जन्म हो रहा है। इसमें दिखने वाली लाल बूंद ने टेक्सास यूनिवर्सिटी के खगोलविदों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। वैज्ञानिकों ने दूरबीन के डेटा का विश्लेषण किया।

वैज्ञानिकों ने इस गैलेक्सी को AZTECC71 नाम दिया है। वैज्ञानिकों ने पाया कि यह आकाशगंगा बिग बैंग के करीब 9 करोड़ साल के बाद अस्तित्व में आई। एक कलाकार ने जब इसकी तस्वीर बनाई तो देखने में यह एक भूतिया वस्तु लगती है, जिसकी दो आंखें और एक खुला मुंह है। देखने में ऐसा लगता है, जैसे यह चीख रहा है। इस खोज से वैज्ञानिकों को शुरुआती ब्रह्मांड को समझने में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। वैज्ञानिकों ने सोचा था कि सितारों की नर्सरी दुर्लभ होती है, लेकिन आकाशगंगा ने संकेत दिया है कि यह वास्तव में 3 से 10 गुना ज्यादा प्रचलित है।



### राक्षस जैसी है आकाशगंगा

ऑस्टिन में टेक्सास यूनिवर्सिटी में पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता जेड मैककिनी ने कहा कि यह तारामंडल वास्तव में एक राक्षस जैसा है। इसमें छोटी-छोटी बूंदों की तरह दिखने वाले सैकड़ों नए सितारों का जन्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'हमारी नवीनतम दूरबीन में भी यह चीज बेहद मुश्किल से दिखाई देती है, जो मेरे लिए बेहद रोमांचक है। यह संभावित रूप से हमें बता रहा है कि आकाशगंगाओं की एक पूरी आबादी हमसे छिपी है।

### 10 लाख आकाशगंगा की होगी पहचान

मैककिनी और उनकी टीम दस लाख आकाशगंगाओं की पहचान करने के लक्ष्य के साथ द कॉसमॉस-वेब पहल के लिए ब्रह्मांड का चार्ट बनाने के लिए नासा के डेटा का इस्तेमाल कर रही है। AZTECC71 की चमकती बूंदों को सबसे पहले जमीन की एक दूरबीन की ओर से खोजा गया था। लेकिन हबल स्पेस टेलीस्कोप की खींची फोटो में यह पूरी तरह से गायब थी। हालांकि जेम्स वेब टेलीस्कोप इन्फ्रारेड प्रकाश को पकड़ सकता है। ऐसे में उसने इससे जुड़ी चुनौतियों पर काबू पा लिया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl